रांची, रविवार, 13 सितंबर 2026
संवत 2083, भाद्रपद शुक्ल 2 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-10, अंक 09, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 हरतालिका तीज का महत्व

भटकेगी परिणीति चोपड़ा 6

# हाइवा ने पति-पत्नी को कुचला, दोनों की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सिल्ली-रांगामाटी मुख्य मार्ग किया जाम, सड़क पर शव रखकर विरोध



**मेट्रो रेज**

**बुंडू/सोनाहातुः** सोनाहातु थाना क्षेत्र के बारेंदा टोला देवानसारणा के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सिल्ली-रांगामाटी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

मृतकों की पहचान 42 वर्षीय सिंधु वाला देवी और उनके पति रमेश महतो के रूप में हुई है। दोनों पश्चिम बंगाल के झालदा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशी पापड़ाहुडुम गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सिंधु वाला देवी अपने रिश्तेदार के घर बारेंदा कुल्याणटांड़ में आयोजित तीन नहान कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने पति रमेश महतो के साथ बाइक से अपने गांव वापस लौट रही थीं। इसी दौरान देवानसारणा के समीप पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे हाइवा (जेएच10डीबी 5777) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सिंधु वाला देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल रमेश महतो को अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उन्होंने भी दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर बड़ी संख्या में जुट गए। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने सिल्ली-रांगामाटी मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर शव रखकर विरोध कर रहे हैं और हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई तथा उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने और जाम हटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## अवैध कोयला खनन के दौरान धंसी चाल, दो महिलाओं की मौत

### मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका

**धनबाद :** बाघमारा में रविवार की सुबह अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। रामकनाली ओपी क्षेत्र के कुम्हार पट्टी रोड में अचानक चाल धंसने से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। हादसे के बाद मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जतायी जा रही है।



घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गये और अपने स्तर से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गयी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक अवैध कोयला खनन के कारण यह हादसा हुआ है। फिलहाल मलबे में कितने लोग दबे हैं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राहत-बचाव कार्य जारी है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है।

# सऊदी अरब ने बंद कर दिया वो पाइपलाइन, जिससे भारत आ रहा था रोजाना 50 लाख बैरल तेल

## होर्मुज बंद होने के बाद इसी रास्ते यानबू बंदरगाह तक हो रही थी सप्लाई



**एजेंसी/रियादः** सऊदी अरब ने ड्रोन हमले के बाद अपनी ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन बंद कर दी है। गुरुवार को हुए ड्रोन हमले में पाइपलाइन से जुड़े पंपिंग स्टेशनों में आग लग गई और कुछ लोग घायल हुए। ईरान जंग के चलते होर्मुज बंद होने के बाद सऊदी इसी पाइपलाइन से रोजाना करीब 50 लाख बैरल तेल भेज रहा था। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि पाइपलाइन पर कई हमले हुए थे। मंत्रालय की टीमें पाइपलाइन को सुरक्षित करने और नुकसान का पता लगाने में जुटी हैं।

फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये हमले किसने किए। अब तक किसी भी देश या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सैटेलाइट तस्वीर में एक पंपिंग स्टेशन पर आग से काफी नुकसान दिखाई दिया। एक दूसरी तस्वीर में स्टेशन से काला धुआं निकलता दिखा। ईरान युद्ध के बाद होर्मुज का रास्ता बंद हुआ तो सऊदी ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन का सहारा लिया। यह पाइपलाइन तेल को देश के पूर्वी हिस्से से सीधे पश्चिमी तट के यानबू बंदरगाह तक पहुंचाती है।

सऊदी का दावा- इराक से आए थे ड्रोनः सऊदी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रियाद और मदीना इलाकों में पाइपलाइन पर कई ड्रोन से हमला किया गया। सऊदी के मुताबिक, ये ड्रोन इराक से आए थे। सऊदी ने कहा कि इराक के प्रधानमंत्री के कहने पर उसने अभी जवाबी हमला नहीं करने का फैसला किया है।

# कुएं में गिरा हाथी का बच्चा, चार घंटे बाद सुरक्षित निकाला गया

**मेट्रो रेज**

**तोरपा/खूंटीः** खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत गिडुम गांव में शनिवार की देर रात करीब 11 बजे जंगली हाथियों के झुंड के साथ पहुंचा लगभग तीन वर्षीय हाथी का शावक 10 फीट गहरे कुएं में गिर गया। शावक के कुएं में गिरने की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलने के बाद प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन वन विभाग के कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद जेसीबी की मदद से शावक को कुएं से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब चार घंटे तक चले अभियान के बाद हाथी के शावक को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया।

रेस्क्यू अभियान के दौरान सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि शावक के कुएं में गिरने के बाद हाथियों का झुंड घटनास्थल के आसपास ही डटा रहा। शावक को बाहर निकालने के दौरान करीब चार घंटे तक पांच हाथी जेसीबी के सामने खड़े रहे और लगातार अपने शावक पर नजर बनाए हुए थे। वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर शावक को सुरक्षित बाहर निकाला।



कुएं से शावक के बाहर निकलते ही स्थानीय लोगों ने शोरगुल कर हाथियों के झुंड को गांव से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र की ओर भगाया। इसके बाद हाथियों का झुंड शावक के साथ जंगल की ओर चला गया। प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन ने बताया कि जंगली हाथियों का यह झुंड कर्रा और कुलड़ा जंगल की ओर से गिडुम गांव पहुंचा था। इसी दौरान लगभग तीन वर्षीय हाथी का शावक गांव के पास स्थित गहरे कुएं में गिर गया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से समय रहते रेस्क्यू अभियान चलाया और शावक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के दौरान हाथियों के झुंड के गांव के आसपास मौजूद रहने से ग्रामीणों में भी काफी दहशत बनी रही। हालांकि वन विभाग की तत्परता से शावक को सुरक्षित बचा लिया गया और किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।

## नोवामुंडी में दिखा हाथियों का झुंड, वन विभाग ने किया अलर्ट

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला की नोवामुंडी प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के झुंड की लगातार गतिविधियों से ग्रामीणों और राहगीरों में चिंता बढ़ गई है। नोवामुंडी से मुर्गा महादेव जाने वाले मार्ग पर जोजो कैंप के सामने बीती रात हाथियों के झुंड को देखे जाने की सूचना मिली है। दो दिन पहले भी बड़ाजामदा से नोवामुंडी के बीच कांडे नाला के आसपास हाथियों का झुंड देखा गया था। लगातार क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से आसपास के ग्रामीणों के साथ-साथ इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। बताया जा रहा है कि हाथियों का झुंड रात के समय जंगल और आसपास के इलाकों में विचरण कर रहा है। ऐसे में अंधेरा होने के बाद जंगल से सटे रास्तों और सुनसान क्षेत्रों में आवाजाही करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मामले को वन विभाग ने गंभीरता से लेते हुए हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग की टीम लगातार झुंड की गतिविधियों पर नजर रख रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

वन विभाग ने क्षेत्रवासियों और राहगीरों से अपील की है कि रात के समय जंगल या सुनसान रास्तों पर अकेले जाने से बचें। हाथियों का झुंड दिखाई देने पर उसके करीब न जाएं और न ही उन्हें भगाने, छेड़ने या परेशान करने का प्रयास करें। लोगों से सतर्क रहते हुए सुरक्षित दूरी बनाए रखने और किसी भी स्थिति की सूचना वन विभाग को देने की अपील की गई है।

### यात्रियों को राहत राहत

# रांची समेत कई रूटों पर अब दिसंबर तक चलेंगी स्पेशल ट्रेनें



**संवाददाता**

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए तीन प्रमुख स्पेशल ट्रेनों की सेवा अवधि बढ़ाने का फैसला लिया है। इन ट्रेनों के फेरे अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक जारी रहेंगे। इससे त्योहारों और छुट्टियों के दौरान लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

रांची-आनंद विहार स्पेशलः ट्रेन संख्या 02877 रांची से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलेगी। इसका संचालन 3 अक्टूबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को किया जाएगा।

वापसी में ट्रेन संख्या 02878 आनंद विहार टर्मिनल से रांची के लिए चलेगी। यह ट्रेन 4 अक्टूबर से 29 नवंबर 2026 तक प्रत्येक रविवार को संचालित होगी।

शालीमार-चार्लापल्ली स्पेशल भी चलेगीः ट्रेन संख्या 08045 शालीमार-चार्लापल्ली स्पेशल का संचालन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को होगा।

वहीं, ट्रेन संख्या 08046 चार्लापल्ली-शालीमार स्पेशल 3 अक्टूबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी।

संतरागाछी-अजमेर स्पेशल दिसंबर तक जारीः ट्रेन संख्या 08611 संतरागाछी-अजमेर स्पेशल 12 अक्टूबर से 28 दिसंबर 2026 तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 08612 अजमेर-संतरागाछी स्पेशल का संचालन 15 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को किया जाएगा।

दक्षिण पूर्व रेलवे के इस फैसले से इन रूटों पर सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त ट्रेन सुविधा मिलेगी। खासकर अक्टूबर से दिसंबर के बीच त्योहारों और छुट्टियों के समय यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए इन ट्रेनों का संचालन जारी रखना उपयोगी माना जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाईं ब्रिक्स की उपलब्धियां, बोले-

# विविधता और सहयोग ही हमारी असली ताकत



**नई दिल्लीः** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों की वास्तविक शक्ति उनकी विविधता और आपसी सहयोग में निहित है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया, हमारी विविधता हमारी पहचान बने, हमारा सहयोग हमारी प्रेरणा बने और हमारी प्रगति संपूर्ण मानवता के कल्याण के काम आए।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स सदस्यों को संबोधति करते हुए कहा कि हमने एम्प्लॉयबिलिटी, महिला सशक्तीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कैपेसिटी बिल्डिंग को बढ़ावा दिया। छोटे उद्यमों को नॉलेज, फाइनेंस और नए मार्केट से जोड़ने के लिए ब्रिक्स एमएसएमई कॉर्पोरेशन पोर्टल का इनिशिएटिव लिया गया है। हमारे शहरों के बीच बेस्ट प्रैक्टिसेज साझा करने के लिए ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब की स्थापना की गई है। मोदी ने कहा, भारतीय सभ्यता में प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है। सदियों से हमारी मान्यता रही है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विकल्प नहीं, पूरक हैं। ब्रिक्स में भी हमने मानव विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन पर बल दिया है। यही सस्टेनेबिलिटी का आधार है। यह भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व भी है। इस दिशा में हमने कई पहलुओं पर प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट ग्रिड्स और एनर्जी स्टोरेज के लिए हम ब्रिक्स डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बना है। यह हमारे क्लीन एनर्जी सिस्टम्स को अधिक विश्वसनीय, सक्षम और एक्सेसिबल बनाने में मदद करेगा।

पीएम ने कहा की एग्रो-इकोलॉजी और री-जनरेटिव एग्रीकल्चर के सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस पारंपरिक ज्ञान को मॉडर्न साइंस से जोड़ेंगे। कम्युनिटी-बेस्ड क्लाइमेट एडैप्टेशन के लिए तैयार किए गए सिद्धांत, इंडिजिनस नॉलेज को क्लाइमेट एक्शन का महत्वपूर्ण आधार बनाएंगे। उन्होंने कहा, इन चारों स्तंभों पर आगे बढ़ते हुए ब्रिक्स के माध्यम से हमने इंक्लूसिव ग्लोबल ग्रोथ को बढ़ावा देने का प्रयास किया है, क्योंकि हमारा मानना है कि ब्रिक्स में विकसित सॉल्यूशंस का लाभ केवल ब्रिक्स तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इन्हें ग्लोबल साउथ की आवश्यकताओं के अनुरूप एडैप्टेबल और एक्सेसिबल बनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, मैं मेरे निजी अनुभव से कह सकता हूं कि ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि ब्रिक्स में उनकी आवाज सुनी जाती है, उनके अनुभव का सम्मान होता है, और सॉल्यूशंस उनके लिए ही नहीं, उनके साथ मिलकर बनाए जाते हैं। ब्रिक्स की शक्ति हमारी विविधता और सहयोग में है। अंत में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी विविधता हमारी पहचान रहे, हमारा सहयोग हमारी प्रेरणा बने और हमारी प्रगति पूरी मानवता के काम आए।

## यूएनएससी में भारत की सदस्यता का समर्थन, बड़ी भूमिका के पक्ष में चीन-रूस

### ब्राजील की भागीदारी भी बताई अहम

**नई दिल्लीः** नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अपनाए गए दिल्ली घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बड़े सुधारों की जरूरत पर जोर दिया गया है। सबसे अहम बात यह रही कि चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील की बड़ी भूमिका की आकांक्षा का समर्थन दोहराया। घोषणापत्र में कहा गया कि



वैश्विक संस्थाओं में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़नी चाहिए और ग्लोबल साउथ की आवाज को ज्यादा मजबूत बनाया जाना चाहिए। ब्रिक्स ने साफ किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार जरूरी है, ताकि यह ज्यादा लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्व वाला, प्रभावी और मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के मुताबिक बन सके। घोषणापत्र में ब्रिक्स देशों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार से ग्लोबल साउथ की आवाज और मजबूत होगी। समूह ने विकासशील देशों को वैश्विक फैसलों में ज्यादा भागीदारी देने की मांग की।

## समाचार सार

### खूंटी पुलिस ने मानव तस्करी की साजिश का पर्दाफाश करते हुए दो बच्चियों का किया रेस्क्यू




**रांची/खूंटीः** झारखंड में सक्रिय मानव तस्करों के नेटवर्क पर खूंटी पुलिस ने करारा प्रहार किया है। तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा से सिमडेगा की दो नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित बरामद कर बिकने से बचा लिया गया। बच्चियों को 20 हजार रुपये महीने की नौकरी का झांसा देकर दूसरे राज्य में बेचने की तैयारी थी लेकिन ऐन वक्त पर गाड़ी मिस होने और पुलिस की त्वरित दबिश ने तस्कर के मंसूबों को नाकाम कर दिया।

खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग को डोड़मा के एक घर में बच्चियों को छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार और महिला सह एएचटीयू थाना प्रभारी निशा कुमारी के नेतृत्व में संयुक्त टास्क फोर्स का गठन हुआ। टीम ने चिन्हित ठिकाने पर छापेमारी कर सिमडेगा के महुआडांड़ निवासी दोनों बच्चियों को सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस पूछताछ में बच्चियों ने खौफनाक दास्तान बयां की। अमित नामक बस के ड्राइवर डोड़मा निवासी बबलू लोहरा ने उन्हें अच्छी तनख्वाह का प्रलोभन देकर सिमडेगा से अगवा किया था। योजना 9 सितंबर को ही राज्य से बाहर ले जाने की थी, लेकिन तय वाहन नहीं मिलने के कारण बबलू उन्हें अपने घर ले आया और बाहर भेजने के दूसरे मौके की ताक में था। हेडक्वार्टर डीएसपी प्रभात कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित बच्चियों के बयान पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी बबलू लोहरा को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अब बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है ताकि यह साफ हो सके कि आरोपी ने पूर्व में खूंटी, गुमला और सिमडेगा से कितनी लड़कियों की तस्करी की है और इस सिंडिकेट के तार किन-किन महानगरों से जुड़े हैं।

### नहाने के दौरान गड्ढे में डूबने से दो बच्चियों की मौत



**लातेहारः** जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मासियातू गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम फैल गया है। बच्चियों की पहचान साक्षी कुमारी और रितिका कुमारी के रूप में हुई है। दोनों 8-8 वर्ष की थी।

मिली जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चियों शनिवार को स्कूल में छुट्टी होने के बाद घर आई थी और शाम को नहाने के लिए गांव के पास ही स्थित पुलिया के पास गई थी। बताया जाता है कि नहाने के दौरान ही दोनों बच्चियों पुलिया के पास बने गहरे गड्ढे में डूब गई। हालांकि आसपास किसी के नहीं रहने के कारण गड्ढे में डूबने से दोनों बच्चियों की मौत हो गई। बाद में जब काफी देर तक दोनों बच्चियों घर वापस नहीं लौटी तो परिजन उन्हें ढूंढते हुए पुलिया के पास पहुंचे। जहां गड्ढे में दोनों बच्चियों का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बच्चियों को गड्ढे से बाहर निकाला। परंतु तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

घटनास्थल की ओर रवाना हुई पुलिसः इस संबंध में पूछने पर थाना प्रभारी अनुभव कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। पुलिस टीम को घटनास्थल की ओर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की छानबीन के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन करेगी। थाना प्रभारी ने आम लोगों से यह भी अपील किया कि बच्चों को कभी भी अकेले नदी नालों या तालाब में ना भेजें।तीन माह पहले भी हुई थी **घटना :** बता दें कि लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा गांव में 3 माह पहले गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद काफी हंगामा भी हुआ था। तीन बच्चों की मौत का गम अभी पूरी तरह से भरा भी नहीं था कि बालूमाथ थाना क्षेत्र में ही मासियातू गांव में दो मासूम बच्चों की मौत से क्षेत्र में खोदे गए अवैध गड्ढे पर सवाल उठने लगे हैं।

### कार-ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर, तीन घायल



**खूंटीः** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर तजना नदी से पहले पतराटोली मोड़ के समीप रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे टाटा नेक्सॉन कार और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर सड़क से नीचे उतरकर पलट गया, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर चालक संतोष होरो अपने साथ पांडे होरो और प्रकाश बोदरा को लेकर खूंटी से रांची की ओर जा रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से आ रही टाटा नेक्सॉन कार संख्या खल्र-01-ऋङ्ग3352 पतराटोली मोड़ के पास पहुंची। चालक संतोष होरो के अनुसार, कार चालक ने मोड़ पर मुड़ने के लिए इंडिकेटर दिया था। ट्रैक्टर चालक ने साइड देने का प्रयास किया, इसी दौरान कार के फिर सीधे हो जाने से दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर सड़क के बाईं ओर नीचे जाकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार संतोष होरो, पांडे होरो और प्रकाश बोदरा घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर, दुर्घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी में ट्रैक्टर चालक संतोष होरो के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने की बात भी सामने आई है। ऐसे में बिना वैध लाइसेंस के ट्रैक्टर चलाए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस दुर्घटना के कारणों और वाहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है।

झारखंड के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर

# 493 खिलाड़ियों को सम्मान राशि, 4.51 करोड़ रुपये का होगा भुगतान, पेंशन योजना भी होगी प्रभावी

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड के उन खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को सम्मान राशि देने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए 493 खिलाड़ियों को पात्र पाया है। इन खिलाड़ियों के बीच करीब 4 करोड़ 51 लाख रुपये की सम्मान राशि वितरित की जाएगी। इसके साथ ही पूर्व खिलाड़ियों को पेंशन देने की योजना को भी प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है।




खिलाड़ियों को सम्मान राशि और खिलाड़ी पेंशन से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए खेल निदेशक छवि रंजन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में एक अप्रैल 2024 से 31 जनवरी 2026 के बीच विभिन्न जिलों से प्राप्त आवेदनों की जांच की गई। इस अवधि में सम्मान राशि के लिए कुल 911 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रमाणपत्र, पदक और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच के बाद 510 आवेदनों को समिति के समक्ष रखा गया। इनमें से 493 आवेदन निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए।

इन खेलों के खिलाड़ी शामिलः सम्मान राशि के लिए चयनित खिलाड़ी 24 अलग-अलग खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनमें हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक, कुश्ती, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, शूटिंग, बैडमिंटन, जूडो, कराटे और पैरा गेम्स समेत कई खेल शामिल हैं। पात्र खिलाड़ियों के पदकों में 241 स्वर्ण, 136 रजत और 107 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा नौ साझा पदक भी हैं।

वहीं, खिलाड़ी पेंशन योजना के तहत प्राप्त 21 आवेदनों में से फिलहाल केवल दो आवेदन पात्र पाए गए हैं। शेष आवेदनों में आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण संबंधित आवेदकों को कागजात जमा करने को कहा गया है।

बैठक में पेंशन योजना के लिए अपेक्षा से कम आवेदन आने पर भी चिंता जताई गई। योजना की जानकारी अधिक से अधिक पूर्व खिलाड़ियों तक पहुंचाने के लिए सभी उपायुक्तों को पत्र भेजने की अनुशंसा की गई है। बची हुई सम्मान राशि और प्रशिक्षकों से संबंधित आवेदनों पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

ग्रामीण फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच झामुमो जिलाध्यक्ष ने बांटा यूनिफॉर्म

## ग्रामीण प्रतिभाओं को संसाधन और उचित मंच उपलब्ध कराना जरूरी : लाल मोती नाथ शाहदेव

**संजय कुमार यादव**

**चंदवाः** प्रखंड की सासंग पंचायत अंतर्गत सोस, बुलहु एवं किता गांव के जमनिया खाड़ फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के बीच झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने फुटबॉल यूनिफॉर्म का वितरण किया। यूनिफॉर्म मिलने के बाद खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि इन प्रतिभाओं को उचित मंच, संसाधन और प्रोत्साहन मिले। खेल युवाओं



में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देता है। शाहदेव ने खिलाड़ियों से कहा कि वे पूरी मेहनत और लगन के साथ खेलें तथा अपने गांव, पंचायत और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए उनके स्तर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ग्रामीण इलाकों में छिपी प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर भी आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संसाधनों की कमी के कारण किसी प्रतिभावान खिलाड़ी को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने झामुमो जिलाध्यक्ष के प्रति आभार जताया। खिलाड़ियों ने कहा कि इस तरह का प्रोत्साहन उनका मनोबल बढ़ाता है और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। जमनिया खाड़ फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों ने भी पूरी मेहनत के साथ खेलते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

## एचइसी में मेडिकल सुविधा पर घमासान, कर्मचारियों का मुख्यालय पर प्रदर्शन



**रांचीः** मेडिकल सुविधा में बढ़ोतरी और काटी गई सभी सुविधाओं को बहाल करने की मांग को लेकर हटिया कामगार यूनियन (एटक) के नेतृत्व में शनिवार को एचईसी मुख्यालय के समक्ष सभा और प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और चिकित्सा सुविधा की वर्तमान व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

**तीन लाख की सीमा बढ़ाने की मांगः** यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी कर्मचारियों और उनके परिवारों को मेडिकल सुविधा के लिए सालभर में अधिकतम तीन लाख रुपए की सीमा तय की गई है। गंभीर बीमारियों के इलाज में होने वाले खर्च को देखते हुए यह राशि काफी कम है। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारी उपक्रमों में इलाज के खर्च की ऐसी सीमा नहीं है और संस्थान वास्तविक खर्च वहन करते हैं। एचईसी में भी मेडिकल खर्च की सालाना सीमा बढ़ाकर अन्य उपक्रमों की तरह करने की मांग की गई।

**पारस अस्पताल में मुफ्त इलाज की मांगः** कर्मचारियों ने एचईसी में ओपीडी सुविधा नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि एचईसी की जमीन पर पीपीपी मोड में संचालित पारस अस्पताल से एचईसी को सालाना करीब 35 लाख रुपए मिलते हैं। ऐसे में कर्मचारियों की मांग है कि इसके बदले पारस अस्पताल में एचइसी कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए ओपीडी से लेकर भर्ती तक मुफ्त इलाज की व्यवस्था की जाए।

पूजा कुमारी के इलाज का मामला उठाः सभा में कर्मचारी प्रकाश चंद्र की पत्नी पूजा कुमारी के इलाज का मामला भी उठाया गया। कर्मचारियों ने कहा कि आर्थिक संकट के कारण उनका इलाज जारी रखने में परेशानी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि इलाज के अभाव में कोई अनहोनी होने पर प्रबंधन, खासकर वित्त निदेशक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही अनिश्चितकाल के लिए एचईसी मुख्यालय जाम करने की चेतावनी दी गई। सभा को एमपी रामचंद्र और आरके शाही ने भी संबोधित किया।

## कृषि योजनाओं का स्थल निरीक्षण, किसानों से संवाद कर उपायुक्त ने जाना उत्पादन और आय का हाल



**लोहरदगाः** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार मीना ने शनिवार को सेन्हा और भंडरा प्रखंड का भ्रमण कर कृषि एवं मत्स्य विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के लाभुक किसानों से सीधे संवाद कर उत्पादन, बाजार, आय और विभागीय सहयोग की जानकारी ली। उपायुक्त ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीक अपनाकर उत्पादन और आमदनी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**छह एकड़ में खेती कर रहे प्रगतिशील किसान से ली जानकारी :** सेन्हा प्रखंड की तोड़ार पंचायत के चटकपुर गांव में उपायुक्त ने प्रगतिशील किसान रामजीत महतो की करीब छह एकड़ भूमि में हो रही खेती का निरीक्षण किया। किसान किसान समृद्धि योजना और टपक सिंचाई योजना का लाभ लेकर विभिन्न फसलों और सब्जियों की खेती कर रहे हैं। उपायुक्त ने खेत में टमाटर, बैंगन, गन्ना, लौकी और बीन समेत विभिन्न फसलों का जायजा लिया। उन्होंने किसान से उत्पादन, बाजार की उपलब्धता, फसलों की बिक्री से होने वाली आय और विभागीय सहयोग की जानकारी ली। उन्होंने किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**चार एकड़ में हो रहा मड़ुआ बीज उत्पादनः** भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत अंतर्गत बुड़का गांव के गोपी टोली में उपायुक्त ने 12 किसानों द्वारा करीब चार एकड़ भूमि में किए जा रहे मड़ुआ बीज उत्पादन का निरीक्षण किया। यह उत्पादन कृषि विभाग की ठऋ१ठट-ठ४३१ डी१ीं'२ योजना के तहत किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने गांव में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया। उपायुक्त ने किसानों को मोटे अनाज के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि मड़ुआ (रागी) स्वास्थ्य और पोषण की दृष्टि से बेहद उपयोगी है। योजना के तहत रागी उत्पादन के लिए किसानों को प्रति एकड़ 3,000 रुपये का आर्थिक लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण में गंभीरता से भाग लेने और वैज्ञानिक तरीके से मड़ुआ का उत्पादन करने की अपील की। साथ ही गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार कर जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। पांच किसानों को मिले सोलर पंप सेटः भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में उपायुक्त ने पीएम किसान समृद्धि योजना के तहत पांच लाभुक किसानों के बीच सोलर पंप सेट का वितरण किया। उन्होंने किसानों से सोलर पंप का उचित और प्रभावी उपयोग करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था से किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलने के साथ कृषि लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी।

रांची में 14वें ईस्ट जोन क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

# झारखंड के सभी जिलों में आईसीयू की व्यवस्था करना सरकार का लक्ष्य

**संवाददाता**

**रांचीः** रांची क्रिटिकल केयर सोसाइटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन 11 से 13 सितंबर तक राजधानी के बैंकेट हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय इंटीग्रेटेड क्रिटिकल केयर : ब्रिजिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड कंपैशन रखा गया है।

इस क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन राज्य के अपर मुख्य सचिव ,स्वास्थ्य एके सिंह ने किया। सम्मेलन में देशभर से क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, चिकित्सक, इंटेंसिविस्ट और एनेस्थिसियोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि क्रिटिकल केयर का उद्देश्य विज्ञान, तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता के समन्वय से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने क्रिटिकल केयर के महत्व को



समझा, उस समय वेंटिलेटर, मॉनिटर और आईसीयू बेड की कमी के कारण बड़े शहरों में भी मरीजों को समय पर इलाज मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। गंभीर बीमारियों में समय पर जांच और उपचार मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अपर मुख्य सचिव एके सिंह ने कहा कि झारखंड में बड़ी जनजातीय आबादी निवास करती है। राज्य के कई गांव दुर्गम क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां एंबुलेंस और अन्य वाहनों का पहुंचना भी कठिन होता है। ऐसे में गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना और विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने राज्य में आईसीयू सुविधाओं की सीमित उपलब्धता, डॉक्टरों और अस्पतालों में बेड की कमी तथा गंभीर बीमारियों के इलाज पर होने वाले अधिक खर्च को प्रमुख चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गंभीर बीमारी की स्थिति में किसी भी मरीज को इलाज के अभाव में परेशानी न हो। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 10 बेड की टेली-आईसीयू सुविधा के माध्यम से जिला स्तर पर गंभीर मरीजों के उपचार में सहायता दी जा रही है,आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग भी स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ाया जाएगा। अक आधारित प्रणाली मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न मापदंडों की निगरानी में मदद करेगी, जबकि उपचार से संबंधित अंतिम निर्णय चिकित्सक ही लेंगे।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से विशेषज्ञ डॉक्टरों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के बीच की दूरी कम होगी। इससे समय पर उपचार सुनिश्चित करने और परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण होने वाले जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी।

राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पर चिंता जताते हुए अपर मुख्य सचिव एके सिंह ने कहा कि वर्तमान में रिम्स में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पढ़ाई की व्यवस्था है, जहां नौ सीटें उपलब्ध हैं। सरकार अन्य संस्थानों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा शुरू करने की दिशा में काम कर रही है। अगले तीन से चार वर्षों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सीटों की संख्या बढ़ाकर 100 करने का लक्ष्य है। इससे राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी और गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

उन्होंने सरकारी और निजी अस्पतालों के बीच समन्वय स्थापित कर मजबूत क्रिटिकल केयर इकोसिस्टम विकसित करने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित करने की जरूरत है, जिसमें आर्थिक स्थिति और भौगोलिक दूरी किसी भी व्यक्ति के इलाज में बाधा न बने।

इस सम्मेलन में देशभर से 150 से अधिक फैकल्टी और 200 से अधिक डॉक्टर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत एक दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप से हुई। सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक सत्रों और विशेषज्ञ चचाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर क्रउउट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। रणबीर सिंह त्यागी और राष्ट्रीय सचिव डॉ घनश्याम जागोतकर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## झारखंड चेंबर चुनाव

# दोपहर एक बजे तक 701 मतदाताओं ने डाला वोट

### मारवाड़ी भवन में गहमागहमी के बीच जारी है वोटिंग, 65 प्रत्याशी मैदान में, 4214 मतदाता तय करेंगे 21 कार्यकारिणी सदस्य

**संवाददाता**



**रांचीः** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफजेसीसीआई) के चुनाव को लेकर रविवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में गहमागहमी के बीच मतदान जारी है। दोपहर 1 बजे तक 701 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। चुनाव में कुल 4214 मतदाता मतदान करेंगे।

सुबह से लगी कतार, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकतः मतदान केंद्र पर सुबह नौ बजे से ही मतदाताओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी। चुनाव मैदान में उतरी तीनों टीमों के प्रत्याशी और समर्थक मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। प्रत्याशी एक-एक मतदाता से मिलकर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। चुनाव को लेकर व्यवसायियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदान प्रक्रिया शाम पांच बजे तक चलेगी। इसके बाद मतों की गणना की जाएगी, देर रात तक परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

# इदरीसिया स्कूल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**गुलाम शाहिद**




**रांचीः** वार्ड 23 के प्रतिनिधि खालिद उमर के नेतृत्व में रविवार को इदरीसिया स्कूल में निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कर संपन्न कराया गया।

शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ और फिजियोथैरेपिस्ट ने मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। इसके अलावा नेत्र जांच और दवाइयों की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने शिविर में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कराई। इस मौके पर खालिद उमर ने कहा कि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर लगाया गया था। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह के जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह, नेत्र जांच और दवाइयों की सुविधा मिलना काफी लाभकारी रहा।

साजिद उमर, गौस इब्न रशीद हाजी मुन्ना, महबूब आलम, जैनुल हक, मोहम्मद शमीम, उदित अंशु समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्थानीय रोजगार की मांग को लेकर जेएमएम ने दी आंदोलन की चेतावनी



**इटकी में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी से जुड़ा मामला, 75 प्रतिशत स्थानीय को प्राथमिकता का था आश्वासन**

**इटकीः** अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी और उससे जुड़ी संस्थाओं में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर झामुमो ने मोर्चा खोल दिया है। झामुमो के इटकी प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल ने आरोप लगाया कि थर्ड व फोर्थ ग्रेड की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को उचित प्राथमिकता नहीं मिल रही है। जबकि पूर्व में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया था।उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य में लगी यूआरसी कंपनी में काम कर रहे स्थानीय मजदूर भी परेशान हैं। मजदूरों ने कम मजदूरी देने और मनमाने तरीके से काम से हटाने की शिकायत की है। बताया कि नौ सितंबर को करीब 40 मजदूरों को काम से हटा दिया गया।वसीम इकबाल ने मामले की जांच कर स्थानीय युवाओं और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता पर मुख्यमंत्री ने दी प्रधानमंत्री को बधाई



**पटनाः** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता और नई दिल्ली घोषणापत्र पर सदस्य देशों की सहमति का स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई एवं धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका और प्रभाव लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने बिहार के सत्तू और मखाना को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में बहुपक्षवाद, वैश्विक सहयोग, आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के समर्थन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और नेतृत्व का प्रमाण बताया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–30–35 वर्ष, उँचाई–करीब 5 फिट 3 ईंच, पहनावा–ग्रे रंग का हुड्डी एवं दोनों साईड काला रंग का तीन धारी पायजामा पहने हुए है।**

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव अनगड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम–बोगईबेडा सनम फॉल स्थित गुंगा नदी से बरामद किया गया है। शव की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। जिसके संबंध में अनगड़ा थाना यू0डी0 काण्ड सं0–17/2026, दिनांक–11.08.2026 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। –9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा, राँची। –9431706180

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 389658 (Police)26-27*D

## एसआईआर में नाम जुड़वाने की अंतिम तारीख 15 सितंबर




**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में मतदाता सूची से नाम हटाने और नाम शामिल किये जाने पर आपत्ति के मामले भी सामने आ रहे हैं। अब तक फॉर्म-7 के माध्यम से 4,609 दावा-आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। यह आपत्तियां मतदाताओं की मृत्यु, स्थायी रूप से दूसरी जगह चले जाने, पहले से नाम दर्ज होने, कम उम्र अथवा भारतीय नागरिक नहीं होने जैसे आधारों पर नाम हटाने की मांग के साथ की गयी हैं। आवेदनों की जांच के बाद नियमानुसार निर्णय लिया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार, एसआइआर के तहत दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इसके बाद प्राप्त दावों और आपत्तियों की जांच और उनका नियमानुसार निस्तारण किया जायेगा। पूरी प्रक्रिया के बाद 19 अक्टूबर को झारखंड की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी।

4.39 लाख आवेदन में नये लोगों ने मांगा नाम जोड़ने का मौकाः मतदाता सूची में नया नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से अब तक 4,39,191 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 11 सितंबर को 15010 आवेदन आये। फॉर्म-6 उन पात्र नागरिकों के लिए है, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है और वे मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना चाहते हैं। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवा भी इसी फॉर्म के माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करते हैं।

विदेश में रहने वाले भारतीयों के 79 आवेदनः ओवरसीज इंडियन इलेक्टर के रूप में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6ए के माध्यम से 79 आवेदन प्राप्त हुए है।

2.78 लाख मतदाताओं ने मांगा विवरण में सुधारः मौजूदा मतदाता सूची में दर्ज विवरण में सुधार के लिए फॉर्म-8 के माध्यम से 2,78,561 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें नाम, पता समेत अन्य प्रविष्टियों में सुधार, निवास स्थान बदलने पर पता स्थानांतरण, इपीआइसी के प्रतिस्थापन और दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नित करने जैसे मामले शामिल है। 11 सितंबर को ही फॉर्म-8 के 9,530 आवेदन प्राप्त हुए। झारखंड के सीइओ के रविकुमार ने कहा एसआइआर के दौरान आनेवाले सभी दावों और आपत्तियों पर चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देश है। नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं का नाम सूची से हटाया नहीं गया है। सभी मामलों में सुनवाई के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी आयोग के निदेशानुसार किसी भी योग्य मतवता का नाम सूची से नहीं हटाया जायेगा और न ही अयोग्य मतदाता का नाम सूची में जोड़ा जायेगा।

**राँची समाहरणालय,राँची (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**

**–: गुमशुदा बालक/बालिका की सूचना :–**

नाम :– रूद्र (काल्पनिक नाम)
लिंग :– बालक
पिता का नाम :– अज्ञात
माता का नाम :– अज्ञात
पता :– अज्ञात
उम्र :– 03 वर्ष (लगभग)
रंग :– सांवला



नाम :– गौरी (काल्पनिक नाम)
लिंग :– बालिका
पिता का नाम :– अज्ञात
माता का नाम :– अज्ञात
पता :– अज्ञात
उम्र :– 01 वर्ष (लगभग)
रंग :– सांवला



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार एक (01) बालक रूद्र (काल्पनिक नाम) उम्र–03 वर्ष (लगभग) एवं एक (01) बालिका गौरी (काल्पनिक नाम) उम्र–01 वर्ष (लगभग) को करूणा एन०एम०ओ०, राँची में आवासित किया गया है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक/बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों (दो माह) तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियन, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालक/बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

**दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क सूत्र –**
1. बाल कल्याण समिति, राँची राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची।
राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी,कमरा संख्या–111सम्पर्क सूत्र–06513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची।
सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, राँची।

PR 389700 (Women, Child Development & Social Security)26-27*D

## स्कॉर्पियो के धक्के से पति- पत्नी घायल



**रांची :** राजधानी रांची के दीपाटोली बांधगड़ी दुर्गा पूजा स्थल के पास काले रंग के स्कॉर्पियो रिक्शा सवार कोकर के दंपती को ठोकर मार कर भाग गया। पति, पत्नी का इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जा रहा था। स्कॉर्पियो का बम्पर टूटा हुआ है। डायल 112 पे कॉल करने पे कोई रिस्पांस नहीं मिला। रास्ते से जा रहे 112 की पुलिस टीम के सहयोग से घायल को रिम्स भेजा गया। 108 पे भी कॉल नहीं लगा।

## हर्षोल्लास के साथ मना शनिदेव का जन्मदिन



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** पहाड़ी मंदिर के समीप स्थित भगवान शनिदेव के मंदिर में साथ मनाया गया । इस अवसर पर मंदिर को मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया, विशेष रूप से पूजा अर्चना की गई । भजन कीर्तन से पूरा क्षेत्र और मंदिर भक्तिमय हो गया। इस संदर्भ में मंदिर के पुजारी ने बताया कि प्रतिवर्ष भगवान शनिदेव के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा अर्चना के साथ साथ भक्तजनों के बीच व्यापक रूप से प्रसाद का वितरण भी किया जाता है।

# श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में दस दिवसीय गणेशोत्सव कल से

### गणेश चतुर्थी पर कलश स्थापना के साथ 36वें वार्षिकोत्सव का होगा शुभारंभ

**मेट्रो रेज**

### नगर भ्रमण कार्यक्रम 16 सितंबर को



**रांचीः** राजधानी के सुखदेवनगर थाना अंतर्गत खादगढ़ा (जयप्रकाश नगर) स्थित श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में सोमवार (14 सितंबर) को गणेश चतुर्थी के अवसर पर 36वां वार्षिकोत्सव सह गणेशोत्सव का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं कलश स्थापना के साथ सोमवार (14 सितंबर) को होगा। इस अवसर पर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

गणेशोत्सव में काफी संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है। समिति की अध्यक्ष सह संस्थापक रानी कुमारी ने बताया कि गणेशोत्सव के प्रथम दिन मंगलाचरण के साथ कलश स्थापना एवं विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 16 सितंबर, बुधवार को श्रद्धालुओं के साथ भगवान गणपति का नगर भ्रमण कराया जाएगा। वहीं 23 सितंबर, बुधवार को शाम 6 बजे से भव्य महाआरती, इसके बाद महाभोग एवं प्रसाद वितरण तथा रात 9 बजे से भजन-कीर्तन एवं जागरण का आयोजन किया जाएगा। 24 सितंबर, गुरुवार को हवन-पूजन अनुष्ठान एवं कलश विसर्जन के साथ गणेशोत्सव का समापन होगा।

गणेशोत्सव को लेकर मंदिर परिसर की आकर्षक सजावट की गई है। पूरे आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। समिति की ओर से सभी भक्तों से गणेशोत्सव के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है।

गणेशोत्सव के सफल आयोजन में वार्ड पार्षद सुनील यादव, ऋषि तिवारी, विजय कुमार, अरुण कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बंटी बाबू, शिवनंदन पाठक, वशिष्ठ उपाध्याय, विपुल तिवारी, गौरव गोस्वामी, अनुप उपाध्याय, मनोज कुमार, विवेक रजक, आयुष राज, प्रेरणा कुमारी, गौरव कुमार सहित अन्य भक्त एवं समिति के सदस्य महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –DWSD/Dhanbad-2/09/2026-27
दिनांक 12.09.2026

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "Replacement of pipeline Providing 500 Nos. FHTC & Operation and Maintenance for 6 months of 1.70 MLD WTP at Kadaiya village of Kadaiya Panchayat, Intake Well at River Joriya, Raw Water Rising main D.I. K-9 from Joriya to WTP & Clear Water Rising Main D.L. K-9 from WTP to ESR (01 No) and Distribution pipeline D.I. K-7 of Kadaiya Rural Water Supply Scheme in Tundi block of Dhanbad district under D.W. & S. Div. No-2 Dhanbad for year 2026-2027.(DMFT Fund) | 56.20006 | 112500.00 | 10000.00 | 3 माह |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 15.09.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 24.09.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 24.09.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 25.09.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न। | | | |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | श्री मुकेश कुमार मंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2 धनबाद। | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7292898986 | | | |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-248045 | | | |

नोट – (i) प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र में अंकित प्राक्कलित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
(ii) अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2,धनबाद

PR 389692 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

# हरतालिका तीज का महत्व

हरतालिका तीज माता पार्वती के भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम और तपस्या का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी दृढ़ भक्ति और संकल्प से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इस व्रत के माध्यम से श्रद्धालु विशेष रूप से निम्न कामनाएं करते हैं—

सुखी और समृद्ध दांपत्य जीवन

पति की दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य

परिवार में सुख-शांति

मनोवांछित एवं योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति



## हरतालिका तीज 2026 की तिथि

वर्ष 2026 में हरतालिका तीज का व्रत मुख्य रूप से सोमवार, 14 सितंबर 2026 को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 13 सितंबर को प्रातः लगभग 7:08 बजे प्रारंभ होकर 14 सितंबर को प्रातः लगभग 7:06 बजे समाप्त हो रही है। उदयातिथि के आधार पर अधिकांश पंचांग 14 सितंबर को हरतालिका तीज मानते हैं। हालांकि, कुछ क्षेत्रों और पारिवारिक परंपराओं में प्रदोषकाल या स्थानीय मान्यता के अनुसार 13 सितंबर को भी व्रत रखा जा सकता है। इसलिए श्रद्धालुओं को अपने परिवार की परंपरा और स्थानीय पंचांग का पालन करना चाहिए।

हरतालिका तीज माता पार्वती के भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम और तपस्या का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी दृढ़ भक्ति और संकल्प से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

सनातन धर्म में हरतालिका तीज का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है। विवाहित महिलाएं पति की दीघार्यु, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार के मंगल की कामना से यह व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं मनोवांछित एवं योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। हरतालिका तीज को श्रद्धा, तप, प्रेम और अटूट संकल्प का पर्व माना जाता है। इस दिन माता पार्वती के कठोर तप और भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने की कथा का स्मरण किया जाता है।

## भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद

हरतालिका तीज का नाम भी इसकी पौराणिक कथा से जुड़ा है। प्रचलित व्याख्या के अनुसार ह्यहरतह्न या ह्यहरणह्न का संबंध किसी को दूर ले जाने से और ह्यआलिकाह्न का अर्थ सखी से माना जाता है। कथा के अनुसार माता पार्वती की सखी उन्हें वन में ले गई थीं, ताकि वे अपनी इच्छा के विरुद्ध होने वाले विवाह से बच सकें और भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए तपस्या कर सकें।

## हरतालिका तीज के व्रत का महत्व

हरतालिका तीज का व्रत अनेक परिवारों में निर्जला व्रत के रूप में रखा जाता है। हालांकि, व्रत के नियम क्षेत्रीय और पारिवारिक परंपराओं के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। व्रत का वास्तविक उद्देश्य केवल भोजन और जल का त्याग नहीं, बल्कि श्रद्धा, संयम, आत्मनियंत्रण और भगवान के प्रति समर्पण भी है।



## भगवान गणेश को चढ़ाएं ये चीजें, दूर होंगी सभी विघ्न-बाधाएं

गणपति बप्पा मोरया अब हर जगह पर आपको यही आवाज सुनाई देगी। 14 सितंबर से गणपति का आगमन हो रहा है, जिसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। किसी ने मंदिर को सजाना शुरू कर दिया है, तो किसी ने अपने घर में गणपति को रखने के लिए जगह सजनी शुरू कर दी है। लेकिन आपको गणपति लाने से पहले कई सारी चीजें हैं, जिनका खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपका पूजन संपन्न होता है। साथ ही, आपकी सारी मनोकामना पूरी होती है। चलिए आपको बताते हैं कौन सी बातें हैं, जिन्हें जानना जरूरी होता है।

### गणेश जी को चढ़ाएं दूर्वा की माला

गणेश जी को दूर्वा बेहद प्रिय होती है। इसलिए कई सारे लोग गणेश पूजन के समय इसे गणपति जी को जरूर चढ़ाते हैं। लेकिन गणेश उत्सव के समय अगर आप 51 दूर्वा दूर्वा की माला चढ़ाएंगी, तो इससे आपकी मनोकामना जल्दी पूरी होगी। लेकिन यह आपको तब तक चढ़ानी है, जब तक आपके घर में गणपति विराजमान हैं। इससे आपके घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी। साथ ही, आपकी सारी इच्छा पूरी हो जाएगी।

### गणेश जी को चढ़ाएं सिंदूर

हम सभी को यह तो पता है कि हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है। लेकिन यह वही लोग चढ़ाते हैं, जिनकी मांगी हुई इच्छा पूरी होती है। आप इसी सिंदूर को गणपति को चढ़ाएं। इससे भी आपकी इच्छा पूरी होगी। इस सिंदूर को आप अपने घर में रखे गणपति पर चढ़ाएं। इसके बाद रोजाना इसका टिका लगाएं। इससे आपके सारे काम बन जाएंगे।

### इन मत्रों का करें जाप

गणेश पूजन के समय घर में सुबह और शाम पूजा होती है। इस पूजा में आरती की जाती है। लेकिन अगर आपको भगवान गणेश को प्रसन्न करना है, तो इसके लिए आप एक मंत्र का जाप जरूर करना चाहिए। गणेश पूजा मंत्र– ॥ ऊँ गं गणपतये नमः ॥ इस मंत्र का जप करें। आप चाहें तो इसे किसी पेपर पर भी लिख सकती हैं। इससे आपके सारे काम बनने शुरू हो जाएंगे। इस मंत्र को आपको रोजाना चेंट करना है।

भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए इन उपायों को करें। इससे आपकी सारी बाधाएँ दूर हो जाएगी और सफलता प्राप्त होगी। इस दिन की गई आराधना से बुद्धि, विवेक में वृद्धि होती है, जिससे मानसिक शांति और सफलता की प्राप्ति होती है। इसलिए आपको यह उपाय जरूर करना चाहिए। पंडित जी के बताए गए इन उपायों को करने से आपके सारे काम बन जाएंगे। साथ ही, आपकी इच्छाएं पूरी होगी।




# गणेश चतुर्थी कब है शुभ तिथि, योग, मुहूर्त और पूजा का महत्व

हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दौरान बप्पा की पूजा–अर्चना विधिवत रूप से करने का विधान है। भगवान गणेश को बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का कारक माना जाता है। बप्पा सभी देवी–देवताओं में सबसे पहले पूजे जाने वाले देवता है। इनकी पूजा करने के बाद ही देवी–देवता की पूजा करने का मान्यता है। आपको बता दें, वैसे तो हर महीने चतुर्थी तिथि के दिन भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। लेकिन भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली चतुर्थी तिथि को बेहद खास माना जाता है। वहीं अनंत चतुर्थी के दिन बप्पा को विदा करते हैं। अब ऐसे में इस साल गणेश चतुर्थी कब से आरंभ हो रहा है। पूजा का शुभ मुहूर्त कब है। इस पर्व का महत्व क्या है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं।

### गणेश चतुर्थी के दिन पूजा का महत्व क्या है?

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता कहा जाता है। माना जाता है कि उनकी पूजा करने से सभी प्रकार के विघ्न दूर होते हैं और कार्य में सफलता मिलती है। गणेश चतुर्थी को नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन नए काम की शुरुआत करना शुभ माना जाता है। भगवान गणेश को ज्ञान और



बुद्धि का देवता भी माना जाता है। उनकी पूजा करने से बुद्धि में वृद्धि होती है और ज्ञान प्राप्त होता है। गणेश जी की पूजा करने से घर में सुख–समृद्धि आती है। गणेश जी की पूजा से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### गणेश चतुर्थी कब है?

पंचांग की गणना के अनुसार, चतुर्थी तिथि का आरंभ 14 सितंबर को सुबह में 7 बजकर 6 मिनट पर आरंभ होगी और 15 सितंबर को सुबह में 7 बजकर 45 मिनट पर खत्म होगी। ऐसी मान्यता है कि गणेशजी का जन्म दोपहर के समय हुआ था।

### कैसे करें गणपति की स्थापना और पूजा

- प्रात:काल स्नान के बाद सबसे पहले व्रत और पूजा का संकल्प लें।
- घर के ईशान कोण (उत्तर–पूर्व दिशा) में एक चौकी पर पीला कपड़ा बिछाएं।
- गणेश जी की मूर्ति को स्थापित करें, उन पर गंगाजल छिड़कें और उनका अभिषेक करें।
- गणपति को सिंदूर, दूर्वा (21 पत्तियाँ), लाल फूल, मोदक, लड्डू, नारियल, गन्ना, फल और नैवेद्य अर्पित करें।
- गणेश चालीसा, अथर्वशीर्ष या फिर गणपति स्तोत्र का पाठ करें।
- पूजा के अंत में घंटा, शंख और मंजीरे के साथ गणेश जी की आरती करें।
- यह पूजा प्रक्रिया सायंकाल के समय भी दोहराई जाती है, ताकि दिन भर गणेशजी की उपासना बनी रहे। पूजा के बाद किसी ब्राह्मण को भोजन और दान देकर फिर स्वयं भोजन ग्रहण करें।

**सनातन धर्म में गणेश चतुर्थी का पर्व बेहद सौभाग्यशाली माना जाता है। इस दौरान भक्त गणपति बप्पा की प्रतिमा अपने घर में स्थापित करते हैं।**

इसलिए गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर को ही मनाया जाएगा।

### इस बार 12 दिनों का रहेगा गणेश उत्सव

गणेश उत्सव आमतौर पर 10 दिनों का होता है, लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार गणना और तिथियों के विशेष संयोग के कारण वर्ष 2026 में गणेशोत्सव 12 दिनों तक मनाया जा रहा है। यह एक दुर्लभ खगोलीय व धार्मिक संयोग है, जो लगभग 9 साल बाद (2017 के बाद) बन रहा है। इस बार कई शुभ योग में यह गणेश उत्सव मनाया जाएगा।

**कारण:** चन्द्र पंचांग के अनुसार तिथियों के घटने–बढ़ने (वृद्धि तिथि) और सूर्योदयकालीन तिथि गणना के कारण चतुर्थी तिथि से अनंत चतुर्दशी तक की कुल अवधि 12 दिनों की हो रही है।

### घर में कितने दिनों तक रखनी चाहिए बप्पा की मूर्ति?

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस साल गणेशोत्सव की शुरुआत 14 सितंबर से हो रही है। इस दौरान लगभग सभी अपने घरो में गणपति को स्थापित कर उनकी पूजा करते हैं। गणेश जी को वैसे तो घर में पूरे 10 दिनों तक रखने का विधान है। आखिरी दिन नदी,कुंड या तालाबों में विसर्जित कर दिया जाता है, लेकिन श्रद्धा, भक्ति और क्षमता के अनुसार लोग 1, 3, 5 या 7 दिनों तक भी घर में गणपति जी को रखकर उनकी विदाई कर सकते हैं। हालांकि, अधिकांश भक्त अनुष्ठान पूजा के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन कर बप्पा की विदाई करते हैं।





## गणपति स्थापना में कलश क्यों है जरूरी? कौन सी 7 चीजें रखते हैं कलश में

गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है. इस दिन घरों और पंडालों में विधि–विधान से गणपति की स्थापना की जाती है. इस बार गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर दिन सोमवार को मनाया जाएगा. हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को घरों और पंडालों में गणेशजी की स्थापना की जाती है और पर्व की शुरुआत हो जाती है. 10 दिन तक चलने वाले इस पर्व का समापन भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि यानी अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन के साथ हो जाता है. गणपति स्थापना की पूजा में मूर्ति के साथ कलश स्थापना का भी विशेष महत्व माना गया है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कलश को शुभता, समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है. भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता कहा जाता है. मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य से पहले गणेशजी की पूजा करने से कार्य में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है. गणेश चतुर्थी पर घर में गणपति की स्थापना करना श्रद्धालुओं के लिए भगवान के स्वागत का प्रतीक है. पूजा के दौरान भक्त भगवान गणेश को दूर्वा, मोदक, लड्डू और लाल फूल अर्पित करते हैं. इसके बाद आरती और मंत्र–जाप किया जाता है. गणपति स्थापना केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि परिवार में सुख–शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा की कामना से जुड़ी परंपरा भी है.

### क्यों जरूरी माना जाता है कलश?

हिंदू पूजा पद्धति में कलश को देवताओं का प्रतीक माना जाता है. गणेशजी की स्थापना से पहले पूजा स्थल की शुद्धि करके कलश स्थापित किया जाता है. सामान्यत: मिट्टी, तांबे या पीतल के कलश में जल भरकर उसके ऊपर आम या अशोक के पत्ते और नारियल रखा जाता है. मान्यता है कि कलश में जल जीवन और ऊर्जा का प्रतीक है, जबकि नारियल पूर्णता और शुभता का प्रतीक माना जाता है. कलश की स्थापना से पूजा स्थल को पवित्र और सकारात्मक बनाने की परंपरा है. गणेश चतुर्थी पर गणपति स्थापना के दौरान कलश को भगवान गणेश के समीप रखा जाता है. कई परिवारों में कलश को पूजा की शुरुआत में स्थापित किया जाता है और इसके बाद गणे जी का आह्वान, संकल्प और पूजन किया जाता है. धार्मिक दृष्टि से यह पूरी पूजा को शुभ आधार प्रदान करने वाली परंपरा मानी जाती है.

### कलश में रखी जाने वाली 7 चीजें

स्वच्छ जल, अक्षत यानी चावल, सुपारी, सिक्का, गंगाजल, आम या अशोक के पत्ते, नारियल

### गणेश स्थापना के लिए कैसे रखें कलश

धार्मिक मान्यताओं में कलश को मंगल, शुभता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है. गणेश स्थापना के समय पूजा स्थल को साफ करके चौकी पर कलश रखें. हमेशा गणेश स्थापना से पहले पूजा स्थल की शुद्धि करके कलश की स्थापना की जाती है. कलश में शुद्ध जल भरें और उसमें अक्षत, गंगाजल, सुपारी व सिक्का डालें. कलश के मुख पर आम या अशोक के पत्ते रखें और ऊपर नारियल स्थापित करें. कलश के पास भगवान गणेश की मूर्ति रखें. इसके बाद कलश और गणपति का विधिवत पूजन करें. हालांकि कलश स्थापना की विधि और उसमें रखी जाने वाली सामग्री अलग–अलग क्षेत्रों और परिवारों की धार्मिक परंपराओं के अनुसार थोड़ी अलग हो सकती है. इस प्रकार कलश और गणपति स्थापना का संबंध पूजा की पवित्रता, शुभता और मंगलकामना से जुड़ा हुआ है. मान्यता है कि श्रद्धा और विधि–विधान से की गई गणेश पूजा से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं और भक्तों के जीवन से विघ्न दूर करते हैं.

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

संवाददाता

**साहिबगंजव्र :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज में और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति राजमहल में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया` जिसका ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड के सभी जिलों में जिला न्यायालय, धनबाद से माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, जज, झारखण्ड हाई कोर्ट -सह-कार्यकारी अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से किया` जिसका सीधा प्रसारण साहेबगंज और राजमहल के व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में स्क्रीन पर उपस्थित लोगों ने देखा।उद्घाटन के उपरान्त जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-प्रथम गुलाम हैदर ने विभिन्न लोक अदालत बेंचों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय व्यवस्था को अधिक सरल सुलभ व जनोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति के आधार पर मामलों के समाधान से न केवल न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आती है बल्कि पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण भी कायम रहता है उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से छोटे-बड़े विभिन्न प्रकार के मामलों का त्वरित निष्पादन संभव हो पाता है जिससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ और खर्च से राहत मिलती है। उन्होंने उपस्थित पक्षकारों से अपील की कि वे लोक अदालत की उपयोगिता को समझते हुए अधिकाधिक संख्या में इसका लाभ उठाएं। विभागों और अधिकारियों से भी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में लाने तथा उनके निष्पादन में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया, ताकि आमजन को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराया जा सके। जिसमें अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय शिव करण मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक प्रसाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी आलोक मरांडी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रिचेश कुमार स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा जिला लोक अभियोजक चिप लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल और उनकी टीम अधिवक्तागण विभिन्न विभागों के अधिकारीगण बैंक कर्मी पारा विधिक स्वयं सेवक एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी सहित वादकारीगण उपस्थित थे `इस राष्ट्रीय लोक अदालत में साहिबगंज न्यायमंडल और राजमहल अनुमंडलीय न्यायमंडल में कुल 10098 मामलों का निपटारा करके 80679837 / समझौता राशि की हुई प्राप्ति।



## पुराने वारंट के आधार पर अजहर गिरफ्तार

**साहिबगंजः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी मोहम्मद अजहर को पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अजहर के विरुद्ध पूर्व से न्यायालय का वारंट लंबित था।

मुफस्सिल थाना प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में मोहम्मद अजहर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई ।

## कीटनाशक खाने से ग्रामीण की मौत

**खूंटी,** । जिले के कर्रा रोड स्थित कुसुम टोली गांव निवासी रंथू महतो (52) की कीटनाशक दवा खाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कीटनाशक दवा का सेवन करने के बाद रंथू महतो की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद स्वजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल, खूंटी ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर खूंटी थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

## बंद घर का ताला तोड़कर चोरी, नकदी और कीमती सोना-चांदी ले उड़े चोर



संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के मुरम्मला गांव में शनिवार की रात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर में रखे सामान्य आभूषणों को छोड़कर कीमती जेवरात चुन-चुनकर ले गए। रविवार सुबह घर की देखरेख करने पहुंचे परिजनों ने ताला टूटा और सामान बिखरा देखा जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अपने बल दल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले के छानबीन में जुट गए । इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुरम्मला निवासी राजेश कुमार साहा पिता स्वर्गीय अमृत मंडल कोलकाता में नौकरी करते हैं। वह सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड सेक्टर-5 कोलकाता कार्यालय में कार्यरत हैं और वहीं रहते हैं। राजेश कुमार साहा पिछले सप्ताह मनसा पूजा के अवसर पर गांव आए थे। सोमवार को वापस कोलकाता चले गए। घर की देखरेख की जिम्मेदारी उन्होंने अपने चाचा को दी थी।

राजेश कुमार साहा के चचेरे भाई ने बताया कि उनके चाचा घर की देखभाल करते हैं। रविवार की सुबह पूजा और साफ-सफाई के लिए घर पहुंचे तो बाहर का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी भी टूटी हुई थी। इसके बाद उन्होंने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। जबकि राजेश कुमार साहा ने दूरभाष पर बताया कि घर से करीब 50 हजार रुपये नकद, लगभग आधा भरी सोने के आभूषण और करीब 30 भरी चांदी के जेवरात चोरी हुए हैं। हालांकि परिजनों के अनुसार घर में रखे सिटी गोल्ड और सामान्य आभूषण वहीं पड़े मिले जबकि चोर कीमती जेवरात लेकर फरार हुए। वहीं जांच कर रहे पुलिस प्रशासन चोरों की पहचान और घटना के उद्भेदन में जुटी है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की सतत निगरानी एवं राहत कार्य जारी

- अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण
- प्रभावित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण राहत व बचाव कार्यों को पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ लगातार संचालित किया जा रहा है। प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द के नेतृत्व में गोपालपुर, पिलर टोला, घीसू टोला, मकई टोला सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाढ़ की स्थिति, प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं तथा उपलब्ध राहत व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया।निरीक्षण के क्रम में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों को आश्वस्त किया गया कि विषम परिस्थितियों में जिला प्रशासन उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। आवश्यकतानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी स्तरों पर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने, प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं का त्वरित आकलन करने तथा राहत सामग्री का सुचारु एवं प्राथमिकता के आधार पर वितरण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो तथा आवश्यकता की स्थिति में त्वरित समन्वय एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि बाढ़ की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रत्येक प्रभावित परिवार तक समय पर राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचें और जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाए।



# झारखंड राज्य बालक-बालिका जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

- 12, 13 व 14 सितंबर को सकरीगली, रेलवे ग्राउंड में मुकाबले होंगे शुरू

संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के निकट सकरीगली रेलवे ग्राउंड में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की स्वीकृति एवं मार्गदर्शन व जिला कबड्डी एसोसिएशन सह आयोजन समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय 20वीं झारखंड राज्य जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन डीईओ सह डीएसओ नयन कुमार, विशिष्ट अतिथि एईएन वेद व्यास शरण, जिला योजना पदाधिकारी अनुज कुमार, कबड्डी संघ संरक्षक बच्चू यादव, राज्य कबड्डी संघ गोपाल ठाकुर, राज्य ओलंपिक अंग उपाध्यक्ष विपिन कुमार व अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व नारियल फोड़ कर किया। प्रतियोगिता 13 एवं 14 सितंबर को भी होगा। प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से बालक की 22 व बालिका की 18 जिलों से टीम हिस्सा लेने पहुंची है। यहां से चयनित खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरेंगे। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत कुमार सोनू, सचिव लालू यादव, उपसचिव उत्तम कुमार, अनुराग, जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष, रमाकांत मिश्र व अन्य मौजूद थे। देर रात 09 बजे तक कई जिलों की बालक व बालिका टीमों का मैच चला।

तकनीकी पदाधिकारी के रूप में ये थे मौजूद आलोक कुमार, सीताराम रजक, मुकेश कुमार, जय शंकर प्रसाद, अमित आनंद, उपेंद्र कुमार, सुवज्ञा कुमारी, पूजा कुमारी, राधिका वान्द्र, महावीर कुमार, शमशेर अंसारी, ऋषिकेश कुमार, दीपक कुमार, दिनेश कुमार महतो, करण कुमार, कौशल सिंह, राज स्वर्णकार, अमित कुमार, सोनी कुमार शामिल थे।प्रतियोगिता में जिला कबड्डी संघ, साहिबगंज के अध्यक्ष श्री गोपाल ठाकुर, चेयरमैन श्री विपिन कुमार सिंह तथा कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के रेफरी बोर्ड कन्वेनर आलोक कुमार की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

कहां से आई कौन सी टीम

बोकारो से विक्की कुमार जावेद रजा बालक व बालिका टीम,धनबाद करण कुमार राहुल कुमार टीम कोच,हजारीबाग सर्वोत्तम कुमार बालक वं बालिका टीम कोच ,गढ़वा हरेंद्र पासवान बालक टीम कोच

संतोष मौर्य बालिका टीम कोच,लोहरदगा सचिन उरांव बालक टीम कोच लातेहारअनुज राम टीम कोच

रांची सूरज मुंडा बालक टीम कोच प्रीति कुमारी बालिका टीम, कोच पूर्वी सिंहभूम, बादल कुमार बालक वं बालिका टीम कोच, देवघर रितिक कुमार पांडेय बालक टीम कोच,नीतू कुमारी बालिका टीम कोच,गोड्डा शिवम कुमार बालक टीम कोच जामताड़ाछोटू कुमार आबिद अंसारी बालक टीम नीरज कुमार झूलन सिंह बालिका टीम- दुमका शशिकांत हांसदा बालक टीम मिरु देवी बालिका टीम-कोडरमा नवाज दिलशान बिट्टू कुमार बालक एवं बालिका टीम - गिरिडीह से चंद्रदेव सिंह बालक टीम रिमझिम कुमारी बालिका टीम शामिल थे। पूल के आधार पर मुकाबलेः प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों को अलग-अलग पूल में विभाजित किया गया है। पूल चरण में टीमें आपस में मुकाबला कर अगले चरण के लिए अपनी जगह मजबूत करेंगी। बालक वर्गपूल एः बोकारो, लातेहार,पूल बीः कोडरमा, रांची पूल सीः पूर्वी सिंहभूम, चतरा, सरायकेला,पूल डीः जामताड़ा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम,पूल ईः देवघर, साहिबगंज, पाकुड़

पूल एफः गढ़वा, लोहरदगा, रामगढ़ पूल जीः पलामू, दुमका, हजारीबाग,पूल एचः गिरिडीह, गोड्डा, धनबाद

बालिका पूल एः कोडरमा, गिरिडीहपूल बीः हजारीबाग, जामताड़ापूल सीः धनबाद, देवघर, पश्चिमी सिंहभूमपूल डीः बोकारो, दुमका, सरायकेलापूल ईः साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़,पूल एफः रामगढ़, चतरा, लोहरदगा पूल जीः पलामू, खूंटी, लातेहार पूल एचः गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, रांची सभी खिलाड़ी उपस्थित थे। जबकि साहिबगंज बालिका टीम ने जीता प्रतियोगिता का पहला मैच।

साहिबगंज व गोड्डा बालिका टीम के बीच खेला गया। इस दौरान साहिबगंज की टीम ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए गोड्डा को 26 पोइंट से हरा दिया। साहिबगंज की टीम ने 38 जबकि गोड्डा की टीम ने 12 पॉइंट किया।



न्यूज IN ब्रीफ

## पुष्पा देवी की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर पूरब पंचायत के बड़ी कोदरजन्ना नया टोला में शुक्रवार की रात पुष्पा देवी की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतका मुरारी मंडल की पत्नी थी।जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष बताई गई।इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया।वही मृतक के पति मुरारी मंडल ने बताया कि उनका घर बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है।रात में पत्नी शौच के लिए अकेले निकली थीं वापस नहीं आई और पानी में डूब गईं,जिससे उसकी मौत हो गई,वही परिजन द्वारा मुफस्सिल थाना को सूचना दे दी गई है,सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना के एसआई अखिलेश कुमार सिंह दलबल के साथ मौके कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया।मृतका अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्रियां छोड़ गई।आप को बता दें कि साहिबगंज सदर प्रखंड का अधिकांश ग्रामीण इलाका बाढ़ की चपेट में है। वही पिछले एक सप्ताह के अंदर तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 का शुभारंभ




**साहिबगंजः**भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत माय भारत की ओर से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण के रूप में विकसित भारत क्विज का आयोजन किया गया है।जिला युवा अधिकारी सौरभ जैन ने जिले के युवाओं से इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।उन्होंने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के क्विज में भाग लेने के पात्र हैं।ऑनलाइन क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 30 सितंबर तक किया गया है।युवा व्यक्तिगत रूप से विभिन्न भाषाओं में ऑनलाइन क्विज में हिस्सा ले सकतें हैं।इसका उद्देश्य युवाओं के विचार प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को पहचान कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बात रखने का अवसर उपलब्ध कराना है।जिला युवा अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत क्विज में चयनित प्रतिभागियों को अगले चरण में 500 शब्दों के विकसित भारत निबंध चैलेंज में शामिल होने का अवसर मिलेगा।इसके बाद प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ेगी।जिला स्तर पर चयनित 50 प्रतिभागियों में से शीर्ष दो प्रतिभागियों को राज्य स्तर की प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में प्रस्तावित है।चयनित युवा इस मंच पर विशेषज्ञों,केंद्रीय सचिवों और केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष अपने विचार रख सकेंगे।वहीं,कुछ चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिल सकता है।अधिकारी ने बताया कि माई भारत के पोर्टल पर पंजीकरण कर विकसित भारत क्विज में शामिल हो सकते हैं।

## वार्ड नंबर सात में स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**साहिबगंजः**नगर परिषद साहिबगंज की ओर से चलाए जा रहे सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत शनिवार को वार्ड नंबर सात में स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व वार्ड पार्षद सुनीता सिंह एवं पूर्व वार्ड पार्षद जयप्रकाश सिंह ने किया।कार्यशाला में वार्ड के बच्चों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विभिन्न टिप्स दिए गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि बच्चों को भोजन कराने से पहले उनके हाथ अच्छी तरह से धुलवाना चाहिए।घर,गली-मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं फैलानी चाहिए। कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने के साथ ही नगर परिषद की कचरा उठाव गाड़ी में ही जमा कराना चाहिए।वक्ताओं ने कहा कि वार्ड और शहर को स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वच्छता के प्रति लोगों की जागरूकता ही स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज की पहचान है।कार्यशाला में बच्चों को हाथ धोने,मच्छरों से बचाव व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गई।इस दौरान बच्चों के बीच हैंडवॉश,मच्छर से बचाव के लिए अगरबत्ती साबुन चॉकलेट,बिस्कुट समेत विभिन्न सामग्री का वितरण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सुनीता सिंह,पूर्व वार्ड पार्षद जयप्रकाश सिंह,आकाश सिंह, शांति कुमारी,अंजू देवी,विक्की राम, करण मंगली,रोशन,संतु समेत बड़ी संख्या में बच्चे व वार्डवासी उपस्थित थे।

9 साल से लापता बच्चे की तलाश में



# भटकेगी परिणीति चोपड़ा

**इस दिन रिलीज होगी 'शकः ट्रस्ट नो वन'**

**अभिनेत्री** परिणीति चोपड़ा की वेब सीरीज 'शकः ट्रस्ट नो वन' रिलीज के लिए तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का पहला लुक और रिलीज डेट की घोषणा की है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर सीरीज का पोस्ट शेयर कर लिखा, 'शक की सुई चल पड़ी है, तारीख नजदीक आ रही है। सीरीज 'शकः ट्रस्ट नो वन' 24 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है।' रिलीज डेट सामने आने के बाद फैंस और फिल्म से जुड़े कलाकार काफी उत्साहित नजर आए। अभिनेत्री जेनिफर विंगट समेत कई कलाकारों ने कमेंट सेक्शन पर उत्सुकता जाहिर की। परिणीति इसमें एक ऐसी मां के रोल में हैं, जो अपने खोए हुए बच्चे को ढूंढ रही है। इस सीरीज में सोनी राजदान, अनूप सोनी, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, ध्रुव चौधरी और सुमीत व्यास भी नजर आएंगे। इस मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज को रेंसिल डी 'सिल्वा और सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने बनाया है और रेंसिल डी 'सिल्वा ने ही इसे डायरेक्ट किया है। शो में भरोसे और शक, दिल की सुनने और सच्चाई, प्यार और जुनून के बीच की बारीक लकीर को दिखाया गया है। यह प्रोजेक्ट परिणीति चोपड़ा का ओटीटी और वेब सीरीज की दुनिया में डेब्यू है। इसकी कहानी एक ऐसी मां के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने खोए हुए बच्चे की तलाश करती है और धीरे-धीरे अपनों के ही गहरे राजों और धोखों में उलझती चली जाती है। डायरेक्टर और को-क्रिएटर रेंसिल डी 'सिल्वा ने 'शकः ट्रस्ट नो वन' को एक थ्रिलर है, जो अनिश्चितता पर बनी है। उन्होंने कहा, 'हर खुलासे के साथ एक नया सवाल खड़ा होता है और हर रिश्ते की एक और परत सामने आती है। मुझे सबसे ज्यादा इस बात ने अपनी ओर आकर्षित किया कि हम एक मां की इमोशनल जर्नी के जरिए एक सस्पेंस भरी कहानी को पर्दे पर ला रहे हैं, जो नौ साल से हार मानने को तैयार नहीं है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे नेटफ्लिक्स के साथ इस बोल्ड, इमोशनल और कई परतों वाली कहानी पर काम करने का मौका मिला।' डी'सिल्वा ने कहा कि उन्होंने एक ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश की है जहां दर्शक लगातार सोचते रहें कि वो जो देख रहे हैं वो सच है या नहीं और किस पर भरोसा किया जाए।

# माही विज ने बताया क्यों छोड़ा था 'सहर होने को है'

टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस माही विज इन दिनों 'बिग बॉस 20' को लेकर चर्चा में हैं। सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस रियलिटी शो में माही की एंट्री ने उनके फैंस को काफी उत्साहित किया है। शो में आने के बाद जहां दर्शक उनके अलग-अलग अंदाज को देखने के लिए उत्सुक हैं, वहीं उनके पिछले शो 'सहर होने को है' से बाहर होने को लेकर भी कई तरह की बातें सामने आ रही थीं। ऐसी चर्चा थी कि माही ने 'बिग बॉस' का हिस्सा बनने के लिए अपना पिछला शो छोड़ा है। अब एक्ट्रेस ने खुद इस बात पर चुप्पी तोड़ी है और बताया कि दोनों फैसलों का आपस में कोई लेना-देना नहीं है। बातचीत में माही विज ने कहा, ''मैं 'सहर होने को है' को जनवरी में ही छोड़ने का फैसला ले चुकी थीं। हालांकि, शो छोड़ने की प्रक्रिया में काफी समय लग गया। मेरा बाहर निकलना अचानक लिया गया फैसला नहीं था। शो के क्रिएटिव्स भी मुझे इतनी जल्दी छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए शो से अलग होने में मुझे समय लगा।'' माही ने कहा, ''सच कहूं तो मैं खुद भी उस समय शो छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं थीं। 'सहर होने को है' मेरे दिल के काफी करीब था। मैं इस शो से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई थीं और इसलिए इसे छोड़ना मेरे लिए आसान नहीं था। हालांकि, मैंने 'बिग बॉस' में एंट्री लेने के लिए अपना पिछला शो नहीं छोड़ा है। 'बिग बॉस' का ऑफर मुझे काफी बाद में मिला था।'' माही ने कहा, ''मैंने बहुत पहले ही शो छोड़ दिया था और 'बिग बॉस' का ऑफर मुझे बाद में आया। ऐसे में पुराने शो से बाहर होने और नए रियलिटी शो में आने के बीच सीधा संबंध जोड़ना सही नहीं है। मैं पहले ही अपना फैसला ले चुकी थीं और 'बिग बॉस' का फैसला बाद में आया।'' 'बिग बॉस 20' का हिस्सा बनने को लेकर भी माही काफी उत्साहित नजर आईं। उन्होंने कहा, ''जिंदगी में समय-समय पर कुछ नया आजमाते रहना चाहिए। 'बिग बॉस' शो को देखना मुझे काफी पसंद हैं, लेकिन खुद इसमें आने को लेकर पहले कभी इतनी सीरियस नहीं थीं। इस बार मुझे खुद समझ नहीं आया कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि मैंने शो का हिस्सा बनने के लिए हां कह दी।'' माही ने कहा, ''हर काम का एक सही समय होता है और शायद मेरे लिए 'बिग बॉस' करने का समय अब आया है। यही वजह है कि इस बार मैंने इस मौके को स्वीकार कर लिया।





## जिस एक्टर को जानती तक नहीं थीं राधिका आप्टे, उसने शूटिंग पर ऐसी हरकत की

# मैंने ने जड़ दिया था थप्पड़

**राधिका** आप्टे उन अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं, जिन्होंने बिना किसी बड़े फिल्मी परिवार से आए अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने ग्लैमर से ज्यादा अपनी एक्टिंग और अलग तरह की कहानियों को महत्व दिया। आज वह हिंदी के साथ-साथ मराठी, बंगाली, तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में भी काम कर रही हैं। वह अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। इसी वजह से उनके करियर से जुड़े कई किस्से चर्चा में रहे हैं। ऐसा ही एक किस्सा उस समय सामने आया, जब उन्होंने शूटिंग के दौरान अपने को-स्टार की हरकत पर उसे थप्पड़ जड़ दिया था। राधिका आप्टे का जन्म 7 सितंबर 1985 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। बचपन से ही उनका झुकाव कला की तरफ था। उन्होंने करीब आठ साल तक कथक सीखा और इसी दौरान थिएटर से भी जुड़ गईं। थिएटर में उन्होंने अभिनय की बारीकियां सीखीं। फिल्मों में राधिका की शुरुआत साल 2005 में फिल्म 'वाह! लाइफ हो तो ऐसी!' से हुई। इसके बाद उन्होंने छोटे-बड़े कई किरदार किए। साल 2009 की बंगाली फिल्म 'अंतहीन' में उन्हें अहम भूमिका मिली। इसके बाद 'रक्त चरित्र,' 'शोर इन द सिटी,' और तमिल फिल्म 'धोनी' जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने अलग-अलग भाषाओं के सिनेमा में काम किया। शुरुआत में उन्हें बहुत बड़े मौके नहीं मिले, लेकिन उन्होंने हर भूमिका को गंभीरता से निभाया और धीरे-धीरे अपनी जगह मजबूत करती गईं। साल 2015 राधिका के करियर के लिए बेहद खास रहा। 'बदलापुर' और 'हंटरर' जैसी फिल्मों में उनके काम को पसंद किया गया। इसके बाद 'मांझीः द माउंटेन मैन', 'फोबिया' और 'पार्च्ड' जैसी फिल्मों में शानदार किरदार निभाए। 'पार्च्ड' में उनके काम के लिए उन्हें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ लॉस एंजेलिस में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला। इसके बाद राधिका ने डिजिटल दुनिया में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई। साल 2018 में वह 'लस्ट स्टोरीज', 'सेक्रेड गेम्स' और 'घोल' जैसे चर्चित प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनीं। 'लस्ट स्टोरीज' में उनके अभिनय को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में नामांकन मिला।



## 'पद्मावत' के जौहर सीन पर स्वरा के बयान से

# भड़कीं पूनम पांडे

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' रिलीज के कई साल बाद भी चर्चा में है। फिल्म में जौहर के सीन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर लोगों की अपनी-अपनी राय है। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने इस सीन को लेकर अपनी चिंता जाहिर की थी और सवाल उठाया था कि क्या इस तरह का चित्रण यौन हिंसा का सामना कर चुकी महिलाओं के लिए गलत संदेश दे सकता है। अब स्वरा के इसी बयान पर एक्ट्रेस पूनम पांडे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पूनम ने कहा कि वह कभी स्वरा की फैन हुआ करती थीं, लेकिन फिल्म को लेकर उनकी कही बात से वह बिल्कुल सहमत नहीं हैं। पूनम पांडे ने आईएएनएस से बातचीत में स्वरा के बयान पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, ''मैंने स्वरा की फैन रही हूं, लेकिन अब उन्होंने जो बात कही है, उसे सुनकर मुझे निराशा हुई। स्वरा को इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। मैं उनको हमेशा पढ़ी-लिखी और समझदार महिला मानती रही हूं, इसलिए उनकी तरफ से ऐसी बात सुनना मेरे लिए काफी हैरान करने वाला है।'' पूनम ने अपनी बात रखते हुए कहा, '''पद्मावत' के मेकर्स ने कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं बनाई थी। फिल्म में इतिहास से जुड़ी कहानी को पर्दे पर पेश किया गया था। संजय लीला भंसाली ने इतिहास पर आधारित फिल्म बनाई और उसमें उसी दौर से जुड़ी घटनाओं को दिखाने की कोशिश की। ऐसे में फिल्म के उस हिस्से पर सवाल उठाना मुझे सही नहीं लगा। मुझे लगता है कि स्वरा को ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए थी।'' पूनम ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए आगे कहा, ''मेरे अंदर काफी गुस्सा है और मुझे स्वरा की बात बहुत गलत लगी। यह बेहद मूर्खतापूर्ण टिप्पणी थी।'' बता दें स्वरा भास्कर ने 31 अगस्त को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 'वुमन लाइफ फ्रीडम टॉक' कार्यक्रम में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा था, 'जब मैं फिल्म का सीन देख रही थी जिसमें सभी 800 महिलाएं जौहर करती हैं तो मैंने सोचा कि ईश्वर न करे, लेकिन अगर मैं रेप सर्वाइवर होती तो ये फिल्म आखिर मुझे क्या संदेश दे रही है? मैं कायर जैसा महसूस करती कि मैंने खुद की इज्जत बचाने के लिए अपनी जान नहीं ली। क्या आप हमारे जैसे समाज में यही संदेश देना चाहते हैं, जहां रेप एक महामारी की तरह फैल रहा है? क्या हम अपनी रेप सर्वाइवर्स को ये कहना चाह रहे हैं कि आपको जीने का अधिकार नहीं है? '

## 'लास्ट मैन इन टावर' में दिव्या दत्ता का किरदार दिखाएगा जिंदगी की उलझी सच्चाई, बोलीं-

# 'संगीता को महसूस किया जा सकता है'



**दिव्या** दत्ता अपनी आने वाली फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह संगीता नाम की एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसकी जिंदगी बाहर से भले ही सामान्य नजर आए लेकिन अंदर से वह कई तरह की परेशानियों, जिम्मेदारियों और भावनात्मक उलझनों से जूझ रही है। अपने इस किरदार को लेकर दिव्या ने कहा कि संगीता कोई असाधारण महिला नहीं बल्कि हमारे आसपास मौजूद उन तमाम महिलाओं में से एक है, जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इतना उलझ जाती हैं कि कई बार अपनी खुशियों और जरूरतों को ही पीछे छोड़ देती हैं। आईएएनएस से बातचीत में दिव्या दत्ता ने कहा, ''संगीता की जिंदगी पर घर की परिस्थितियों का काफी असर पड़ा है। उसके बच्चे को खास देखभाल की जरूरत है और पति के साथ भी उसकी बातचीत काफी कम है। इन सबके बीच वह खुद भी अपनी जिंदगी और अपने व्यक्तित्व से दूर होती चली गई है। वह अपनी जिंदगी को थोड़ा आसान और बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है लेकिन एक के बाद एक कई जिम्मेदारियां और परेशानियां उनकी इन कोशिशों में पानी फेर रही है।'' दिव्या ने कहा, ''घर के हालात, बच्चे की जरूरतें और पति के साथ दूरी जैसी चीजों ने उसकी जिंदगी को इस तरह घेर लिया है कि शायद उसे खुद भी एहसास नहीं हुआ कि वह कब अपने आपको नजरअंदाज करने लगी।'' उन्होंने कहा, ''एक महिला के लिए ये छोटी-छोटी चीजें काफी मायने रखती हैं कि वह कैसे रहती है, खुद को कैसे देखती है, अपनी खुशियों के लिए कितना समय निकालती है... ये सब उसकी जिंदगी का हिस्सा होता है।

# हॉकी इंडिया के महानिदेशक आरके श्रीवास्तव निलंबित ड्यूटी में लापरवाही का आरोप

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने संगठन के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से महानिदेशक के पद से जुड़े सभी दायित्व और अधिकारों का इस्तेमाल बंद करने का निर्देश दिया गया है। कारण बताओ नोटिस में श्रीवास्तव पर कर्तव्य में लापरवाही और जानबूझकर निर्देशों की अवहेलना समेत कई आरोप लगाए गए हैं। इनमें विश्व कप से पहले बिना पूर्व अनुमति राष्ट्रीय टीम की जर्सी के रंगों में बदलाव का फैसला प्रमुख है। नोटिस के अनुसार, टिर्की के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद श्रीवास्तव के विश्व कप के लिए यात्रा करने को लेकर भी आपत्ति जताई गई है। अध्यक्ष कार्यालय ने उनके स्थान पर पूर्व खिलाड़ियों सुबद्रा प्रधान, रानी रामपाल और सरदार सिंह को चयनकर्ता एवं जूनियर कोच के रूप में यात्रा की मंजूरी दी थी, लेकिन नोटिस में कहा गया है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई। श्रीवास्तव पर हॉकी इंडिया लीग से जुड़े फ्रेंचाइजी समन्वय और प्राथमिकता वाले कार्यों में भी कथित तौर पर मनमाने फैसले लेने का आरोप है। इसके अलावा अनुबंधित जनसंपर्क एजेंसी के खिलाफ निर्देशित अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करने और दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान खिलाड़ियों तथा मुख्य कोच क्रेग फुल्टन से जुड़े कथित दुर्व्यवहार की शिकायतों पर कार्रवाई का प्रमाण उपलब्ध नहीं कराने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।नोटिस में विक्रम पाल से जुड़े आरोपों पर आंतरिक/पीओएसएच समिति की कार्यवाही और रिपोर्ट रिकॉर्ड में उपलब्ध न होने तथा एफआईएच, एएचएफ और राष्ट्रीय महासंघों से प्राप्त कुछ संचार को रोके जाने का भी उल्लेख है। हॉकी इंडिया ने कहा है कि आगे की कार्रवाई संस्था के उपनियमों के अनुसार की जाएगी।

# यूएस ओपन फाइनल में सबालेंका को रोकने के लिए राइबाकिना की रणनीति तैयार

**न्यूयॉर्क।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कजाखस्तान की एलेना राइबाकिना को अच्छी तरह पता है कि अगर उन्हें विश्व नंबर-1 बेलारूस की आर्यना सबालेंका को लगातार तीसरी बार यूएस ओपन खिताब जीतने से रोकना है, तो उन्हें किस रणनीति के साथ उतरना होगा।इसलिए वह आक्रामक खेल के साथ रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखने और सबालेंका को अंक पर हावी होने से रोकने की कोशिश करेंगी। यूएस ओपन 2026 महिला एकल के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार की गत चैंपियन सबालेंका का सामना करने से पहले राइबाकिना ने एक साक्षात्कार में कहा, ह्लमुझे लगता है कि वही जज्बा बनाए रखना होगा। उस दिन मैं जैसा भी महसूस करूं, मुझे लड़ना होगा और अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। हम एक-दूसरे को काफी अच्छी तरह जानते हैं और कई बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं। महत्वपूर्ण मौकों पर आक्रामक रहने की कोशिश करूंगी, उन्हें अंक पर नियंत्रण बनाने का इंतजार नहीं करूंगी और रैलियों में खुद को हावी रखने की कोशिश करूंगी।आर्थर ऐश स्टेडियम में दोनों के बीच फाइनल मुकाबला रविवार, 13 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे खेला जाएगा। मुकाबले का सीधा प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर होगा। यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 18वीं भिड़ंत होगी। अभी सबालेंका आमने-सामने के मुकाबलों में 10-7 से आगे हैं। यह 13 साल में पहली बार होगा, जब यूएस ओपन महिला एकल फाइनल में शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आमने-सामने होंगी। सबालेंका की नजर अपने करियर के पांचवें ग्रैंड स्लैम खिताब और लगातार तीसरे यूएस ओपन खिताब पर है। वहीं, राइबाकिना ने 2023 की यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ को सेमीफाइनल में 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। हालांकि, राइबाकिना का फाइनल तक का सफर आसान नहीं रहा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पैर की समस्या के कारण उन्हें न्यूयॉर्क में टूनामेंट खेलने को लेकर भी पूरी तरह भरोसा नहीं था।

उन्होंने कहा, ह्लमैं 100 प्रतिशत निश्चित नहीं थी कि मैं यह टूनामेंट खेल भी पाऊंगी या नहीं। शुरूआती कुछ मैचों में मैं अपने पैर और इस बात को लेकर सोच रही थी कि वह कैसी प्रतिक्रिया देगा। शुरूआती मुकाबलों में मैं सहज नहीं थी। इसके बाद धीरे-धीरे मेरा ध्यान इस बात पर गया कि कोर्ट पर मैं क्या गलत कर रही हूं और मुझे किन चीजों में सुधार करना है। इस तरह धीरे-धीरे मैंने अपनी लय हासिल की।उन्होंने कहा, ह्लकुछ बेहद मुश्किल प्रतिद्वंद्वी और शानदार मुकाबले भी रहे। मुझे लगता है कि कुछ चीजें निश्चित रूप से मेरे पक्ष में जा रही हैं और उम्मीद है कि फाइनल के दिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाऊंगी और यह मेरे लिए सफलता लेकर आएगा।ह्व

टूनामेंट के अंतिम दौर में राइबाकिना की मानसिक और शारीरिक मजबूती भी देखने को मिली। उन्हें क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल दोनों में तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा, ह्लमैच के दौरान मैं खुद से कह रही थी कि टूनामेंट से पहले मैंने एक सप्ताह तक अभ्यास नहीं किया था। मैं खुद को समझा रही थी कि मैं थकी नहीं हूं और अभी भी संघर्ष कर सकती हूं। ईमानदारी से कहूं तो मैं हर अंक के लिए लड़ रही थी, क्योंकि दोनों मुकाबले बेहद करीबी थे।राइबाकिना ने कहा, ह्लकुछ मौकों पर मेरे पास पर्याप्त ऊर्जा नहीं थी और सर्विस के दौरान पैरों से उतना जोर नहीं मिल पा रहा था। लेकिन सामने कोई भी खिलाड़ी हो, अगर मेरी सर्विस काम कर रही है तो यह मेरे खेल में बड़ा फायदा और मजबूत हथियार है। इसलिए मैं मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से खुद को आगे बढ़ाती रही। दूसरी ओर, सबालेंका ने सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और लगातार चौथी बार न्यूयॉर्क के फाइनल में पहुंचीं। वह 2011 से 2014 के बीच सेरेना विलियम्स के बाद लगातार चार यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बनी हैं।

# लगातार बारिश से जलाशयों का बढ़ा जलस्तर गंगरेल से 34,282 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

● गंगरेल में 97.16, मुरूमसिल्ली में 100 और दुधावा में 94.55 प्रतिशत जलभराव, महानदी किनारे गांवों में अलर्ट

एजेंसी



**धमतरी ।** जिले में लगातार हो रही बारिश और जलाशयों में बढ़ती पानी की आवक के बीच जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने जलाशयों के जलस्तर और पानी की निकासी पर लगातार निगरानी बढ़ा दी है। 12 सितंबर की रात 9 बजे की स्थिति के अनुसार गंगरेल जलाशय में 97.16 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 100 प्रतिशत, दुधावा में 94.55 प्रतिशत और सोंदूर जलाशय में 75.87 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया। जलाशयों में पानी की आवक भी लगातार बनी हुई है। गंगरेल में 34,282 क्यूसेक, मुरूमसिल्ली में 2,567 क्यूसेक, दुधावा में 3,040 क्यूसेक और सोंदूर में 2,307 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है। आगामी बारिश और पानी की संभावित बढ़ती आवक को देखते हुए गंगरेल जलाशय से वर्तमान में 34,282 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रुद्री बैराज के माध्यम से इसमें से 5,000 क्यूसेक पानी महानदी मुख्य नहर तथा 29,282 क्यूसेक पानी महानदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जलाशय में आवक और जलस्तर की स्थिति के अनुसार पानी की निकासी आगे और बढ़ाई जा सकती है। महानदी में बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने से नदी के जलस्तर और बहाव में वृद्धि की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने महानदी किनारे बसे गांवों में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। संबंधित मैदानी अमले को भी अलर्ट रहने और जलस्तर व परिस्थितियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने नागरिकों से नदी, नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप नहीं जाने, अनावश्यक रूप से रपटों और नदी-नालों को पार नहीं करने तथा तेज बहाव में उतरने या उसे पार करने का प्रयास नहीं करने कहा है। बच्चों और बुजुर्गों को भी ऐसे स्थानों से दूर रखने की अपील की गई है। प्रशासन ने जलभराव की स्थिति में सुरक्षित आवागमन के लिए जारी निर्देशों का पालन करने और आवश्यकता पड़ने पर चिन्हांकित सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर आश्रय लेने कहा है। साथ ही नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। जलाशयों की स्थिति और पानी की निकासी में होने वाले बदलावों की जानकारी समय-समय पर साझा की जाएगी।

## स्मैक और नगद राशि के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**अररिया ।** अररिया आरएस थाना पुलिस ने शनिवार को एनएच 27 फोरलेन सड़क पर टोल प्लाजा के पास कार्रवाई करते हुए एक अपाचे बाइक पर सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने 103.21 ग्राम स्मैक,एक अपाचे मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 एन 8838, दो मोबाइल और 13 हजार पांच सौ रुपए बरामद किए शनिवार देर शाम सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

सदर एसडीपीओ ने बताया कि आरएस थाना पुलिस को यह सूचना मिली कि अररिया से फारबिसगंज की ओर से एक अपाचे बाइक पर सवार युवकों द्वारा स्मैक का खेप ले जाया जा रहा है।सूचना पर टीम का गठन कर एनएच 27 टोल प्लाजा के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिस क्रम में एक बाइक पर सवार दो युवक पुलिस की चेकिंग को देखकर भागने की कोशिश की,जिसे पुलिस टीम ने खदेड़कर पकड़ा।

बाइक पर फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर दक्षिण पंचायत वार्ड संख्या एक के 35 वर्षीय मो.अरशद पिता मो.वासिल और नरपतगंज थाना क्षेत्र के कुड़ैली वार्ड संख्या चार निवासी 30 वर्षीय मो.आजाद पिता मो.निजामुद्दीन को हिरासत में लेकर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 103.21 ग्राम स्मैक, दो मोबाइल और 13 हजार 500 रुपए नगद बरामद किया गया।मामले को लेकर आरएस थाना में कांड संख्या 217/26 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। छापेमारी दल में आरएस थानाध्यक्ष अंकुर कुमार,एसआई विजय कुमार,सौदागर कुमार,सुमित कुमार और आरएस थाना के रिजर्व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आखिरी दिन भारत मंडपम में सुरक्षा चाक-चौबंद

**नई दिल्ली ।** राष्टीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने मार्गों में बदलाव किया है। 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के आखिरी दिन भारत मंडपम में सुरक्षा एजेंसियां आने-जाने वालों पर नजर रख रही हैं। पहले दिन 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को सर्वसम्मति से अपनाए जाने के बाद, आज समिट का समापन होगा।

दिल्ली यातायात पुलिस ने विस्तृत परामर्श जारी कर 22 स्थानों पर यातायात मार्ग में बदलाव किए जाने और 35 से भी अधिक सड़कों पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने की घोषणा की है। प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम के आसपास यह प्रतिबंध सुबह आठ बजे से जारी है। यह बदलाव रात आठ बजे तक प्रभावी रहेंगे।

## बंगाल सीमा से 5 करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, जंक्शन पर 104 लीटर शराब भी बरामद



एजेंसी

**कटिहार ।** जिला पदाधिकारी के निर्देश पर मद्य निषेध विभाग की विशेष टीम ने पश्चिम बंगाल सीमा से सटे बलरामपुर थाना क्षेत्र के किरौरा रेलवे फाटक के पास गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी की बाइक से करीब 5 किलोग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 5 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पूर्णिया जिले के बायसी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ (वार्ड संख्या 13) निवासी मोहम्मद बशीर आलम के रूप में हुई है। उत्पाद विभाग के अनुसार, जब्त स्मैक का आधिकारिक वजन कराया जा रहा है। मामले के बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज और पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क के खुलासे के लिए पकड़े गए तस्कर, बाइक और मादक पदार्थ को अग्रतर अनुसंधान हेतु स्थानीय बलरामपुर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।इधर, नशा मुक्ति और अवैध तस्करी के खिलाफ जारी इसी अभियान के तहत मद्य निषेध की एक अन्य टीम ने कटिहार रेलवे जंक्शन पर भी छापेमारी की। जंक्शन पर चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान टीम ने 104 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद करने में सफलता पाई है। जिले में एक ही दिन में करोड़ों के मादक पदार्थ और अवैध शराब की बरामदगी से सीमांचल के तस्कर सिंडिकेट में हड़कंप मच गया है।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज न्यूयॉर्क में 23 सितंबर को ट्रंप से करेंगे मुलाकात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए-81) के 81वें सत्र के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं। उन्हें न्यूयॉर्क पैलेस होटल में यूएनजीए-81 में शामिल होने वाले राष्ट्राध्यक्षों के लिए आयोजित रात्रि भोज में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार,राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप 23 सितंबर की शाम मैडिसन एवेन्यू स्थित लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में यूएनजीए-81 में शामिल होने वाले राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। शहबाज को इसके लिए निमंत्रण मिल चुका है।

राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी यह मुलाकात मिस्र के शर्म अल-शेख में बोर्ड ऑफ पीस की बैठक के बाद सात महीनों में उनकी पहली आमने-सामने की बातचीत होगी। शहबाज रात्रिभोज से एक दिन पहले लंदन से न्यूयॉर्क पहुंचेंगे और 25 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे। शरीफ इस अवसर पर सिंधु जल संधि और कश्मीर का मुद्दा उठा सकते हैं। उम्मीद है कि वह पिछले महीने मक्का में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुई त्रिपक्षीय सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था का भी जिक्र करेंगे।

## रुपौली में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे सांसद पप्पू यादव, नाव से किया प्रभावित गांवों का दौरा

**पूर्णिया ।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शनिवार को रुपौली प्रखंड के कोयली सिमरा पूरब पंचायत के कौसकीपुर सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। सड़क संपर्क बाधित होने के कारण सांसद नाव से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद परिवारों को नगद आर्थिक सहायता भी दी। सांसद ने कौसकीपुर में सड़क और बिजली की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर व्यवस्था शीघ्र बहाल करने को कहा।

## होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे जहाज पर हमला, यूकेएमटीओ ने जारी की चेतावनी

**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि 12 सितंबर को इस इलाके से गुजर रहे एक जहाज को अज्ञात प्रक्षेप्य ने निशाना बनाया। घटना के बाद चालक दल की स्थिति, जहाज को हुए नुकसान और पर्यावरण पर असर की तत्काल जानकारी सामने नहीं आई है। यूकेएमटीओ ने क्षेत्र में मौजूद अन्य जहाजों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने को कहा है। यूकेएमटीओ की एक्स पोस्ट पर जारी चेतावनी (134-26) के अनुसार, इस घटना की जानकारी 12 सितंबर को रात 11 बजे (23:00 यूटीसी) मिली। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां चौकस हो गई हैं। यूकेएमटीओ ने चेतावनी में स्पष्ट किया है कि शुरूआती रिपोर्ट में जहाज पर सवार चालक दल की स्थिति, जहाज को हुए नुकसान का दायरा और इससे पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को लेकर कोई तत्काल सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है। स्थिति का आकलन किया जा रहा है।




घटना की गंभीरता को देखते हुए यूकेएमटीओ ने होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के समुद्री क्षेत्र से गुजरने वाले सभी जहाजों को अत्यधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी है। इसके साथ ही, सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मामले की पूरी जांच जारी रहने तक किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया गया है।

## बिहार : स्कूल के दिवार के गेट पर बदमाशों ने मारी 22 गोली,50 लाख की रंगदारी का पर्चा चस्पाया

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर ।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र स्थित चंद्रशील विद्यापीठ स्कूल के समीप रविवार की अहले सुबह बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने अंधाधुंध ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में सनसनी फैला दी। दहशत फैलाने के उद्देश्य से की गई इस गोलाबारी के दौरान बदमाशों ने करीब 22 राउंड हवाई फायरिंग की, जिससे पूरा इलाका थर्रा उठा और स्थानीय निवासियों में भारी दहशत का माहौल कायम हो गया।

घटना की भयानकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपराधियों ने वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले विद्यालय के मुख्य द्वार पर एक धमकी भरा पर्चा चिपकाया। इस पर्चे में स्कूल प्रशासन से 50 लाख रुपये की रंगदारी (लेवी) की मांग की गई है। अपराधियों ने पर्चे में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने की स्थिति में स्कूल प्रशासन को गंभीर अंजाम भुगतने होंगे। वारदात के बाद स्थानीय लोगों के एकत्र होने से पहले ही नकाबपोश बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी और कांटी थाना पुलिस दल-बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए जमीन पर बिखरे कई खोखे बरामद किए हैं। छानबीन के दौरान स्कूल की बाउंड्री वॉल, दीवार और गेट पर गोलियों के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। पुलिस द्वारा स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें हेलमेट पहने दो बाइक सवार युवक साफ नजर आ रहे हैं। फुटेज में दिखा कि दोनों युवकों ने पहले गेट पर 50 लाख की रंगदारी वाला पर्चा चिपकाया और फिर स्कूल के इर्द-गिर्द घूम-घूमकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि अपराधियों के आने और भागने के रास्तों को चिन्हित करने के लिए आसपास के तमाम इलाकों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस रंगदारी के साथ-साथ स्कूल के संभावित जमीनी विवाद सहित अन्य सभी बिंदुओं पर भी गहराई से जांच में जुटी है। एसडीपीओ ने दावा किया कि संदिग्धों की पहचान की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही इस मामले का पदार्फाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### आग में घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

**बरपेटा (असम)।** बरपेटा जिले के निशानरस गांव में आग लगने की वजह से एक व्यक्ति का पशु घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिले के निशानरस.गांव में आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर जब तक पुलिस की टीम पहुंची तब तक रहीम बादशाह नामक व्यक्ति का पशु घर पूरी तरह जल कर राख हो गया । आग की वजह से चार गाय भी झुलस गई। पशुओं के लिए जलाए गए धुएं से आग लगने की आशंका जताई गई है। आग की वजह से लगभग तीन लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।.पुलिस नुकसान का आंकलन करने में जुटी हुई है।

### प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार

**कामरूप (असम)।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के रंगिया इलाके में एक युवक द्वारा अपनी प्रेमी की बड़ी ही बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। प्रेमी अभिजीत किंदू ने अपनी प्रेमीका माला नी की बड़ी बेडरहमी से हत्या कर खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की। मृत युवती शोणितपुर जिले की रहने वाली बताई गई है। घटना रंगिया स्टेशन के अतिथि होटल में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अभिजीत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर हत्या की गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बेमेतरा दौरे पर, विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को बेमेतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11:40 बजे हेलीकॉप्टर से रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:20 बजे बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बेमेतरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल होकर शिक्षकों का सम्मान भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 2:55 बजे बेमेतरा से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर रायपुर लौटेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### शुभेंदु अधिकारी ने बलिदानी जतिन्द्रनाथ दास को दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी बलिदानी जतिन्द्रनाथ दास को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने समाज माध्यम पर संदेश जारी कर कहा कि जतिन्द्रनाथ दास साहस, वीरता और स्वतंत्रता की आवाज के प्रतीक हैं। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि लाहौर जेल में बंद रहने के दौरान जतिन्द्रनाथ दास ने अन्य क्रांतिकारियों के साथ राजनीतिक कैदियों के साथ किए जा रहे अमानवीय व्यवहार के विरोध में ऐतिहासिक भूख हड़ताल शुरू की थी। यह हड़ताल 63 दिनों तक चली। 13 सितंबर 1929 को भूख हड़ताल के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जतिन्द्रनाथ दास का आत्मबलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। उनकी दृढ़ता और साहस ने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरणा दी। उन्होंने बलिदानी जतिन्द्रनाथ दास के बलिदान को नमन किया। जतिन्द्रनाथ दास का जन्म 27 अक्टूबर 1904 को कोलकाता में हुआ था। युवावस्था में ही वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए थे। बाद में वे भगत सिंह और अन्य क्रांतिकारियों के संपर्क में आए। लाहौर षड्यंत्र मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्होंने जेल में राजनीतिक कैदियों के अधिकारों के लिए भूख हड़ताल की थी। उनके निधन के बाद देशभर में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।

### बंगाल के कई जिलों में बारिश की चेतावनी



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में रविवार को अधिकांश जिलों में आसमान में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश और झोंकेदार हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और उससे सटे क्षेत्र में बने निम्न दबाव के प्रभाव से राज्य में बारिश की गतिविधियां बनी हुई हैं। दक्षिण बंगाल के पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया और दक्षिण 24 परगना में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसके अलावा दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गरज-चमक और तेज हवा के साथ बारिश की भी संभावना बनी हुई है। उत्तर बंगाल में जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में भारी बारिश की चेतावनी है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर और मालदा में भी कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। पहाड़ी जिलों में बारिश के कारण स्थानीय स्तर पर आवागमन प्रभावित हो सकता है। शहर में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। भारी बारिश की संभावना अपेक्षाकृत कम है। तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस अधिकतम और 26 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम के आसपास रह सकता है। बारिश के साथ वातावरण में नमी अधिक रहने से उमस महसूस हो सकती है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान को देखते हुए लोगों को विशेषकर भारी बारिश और वज्रपात वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## जमशेदपुर में कॉनप्लेक्स सिनेमा का भव्य शुभारंभ



**जमशेदपुर:** शहर में पहली बार कॉनप्लेक्स सिनेमा का भव्य शुभारंभ हुआ, जो झारखंड का पहला प्रीमियम लग्जरी सिनेमा है। कॉनप्लेक्स में दो ऑडिटोरियम और दो स्क्रीन, डॉल्बी सराउंडेड साउंड 7.1, लेजर प्रोजेक्टर, प्रीमियम सीटिंग और लगभग सौ सीटों की क्षमता के साथ गॉरमेट स्नैक्स की सुविधा उपलब्ध है। एन एस ई-लिस्टेड कॉन्प्लेक्स सिनेमा वर्तमान में 11+ राज्यों, 35+ शहरों में 140+ स्क्रीन संचालित कर रहा है और आने वाले समय में 300+ शहरों तक विस्तार की योजना है। बिहार एवं झारखंड में कॉनप्लेक्स सिनेमा के पार्टनर विशाल सिंह हैं, जबकि कंपनी के पैन-इंडिया ओनर्स राहुल ध्यानी और अनिश पटेल हैं। गुरुवार शाम से टिकट ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध होंगे। दर्शक बुक माय शो के माध्यम से भी टिकट बुक कर सकेंगे। जमशेदपुर में यह भव्य लॉन्च शहरवासियों के लिए सिनेमा, लक्जरी और आधुनिक तकनीक का एक नया अनुभव लेकर आया है।

कला और कलाकार बेहतर संबंध में के परिचायक है इसे चरितार्थ किया है हर्ष कुमार मिश्रा ने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने प्रतिभा का परिचय देते हुए जब उपस्थित लोगों को अपनी आवाज में गाना गाकर मंत्र मुक्त कर दिया उपस्थित लोगों ने हर्ष कुमार मिश्रा के बेहतर गायन को काफी सराहा और कहा कि कला और कलाकार प्रतिभा के प्रत्यक्ष उदाहरण होते हैं बस जरूरत रहती है प्रयास की और हर्ष मिश्रा ने अपने बेहतर प्रयास से उत्कृष्ट ढंग से प्रस्तुत कर लोगों को यह संदेश दिया कि कोशिश और प्रयास करते रहना चाहिए यह हमें मंजिल तक अवश्य ले जाती है और लक्ष्य तक पहुंचा देती है।

## आरई कॉलोनी स्थित मां काली के मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



**चक्रधरपुर:** आर ई कॉलोनी स्थित मां काली के मंदिर में आज शनिवार के दिन हुई विशेष पूजा अर्चना। मंदिर के पुजारी नील मोहन मुखर्जी ने मां काली की विशेष पूजा अर्चना की और भक्तजनों के बीच व्यापक रूप से प्रसाद का वितरण किया। उन्होंने कहा कि यूं तो प्रतिदिन मां की पूजा अर्चना होती है किंतु शनिवार और मंगलवार को मां की विशेष पूजा अर्चना की जाती है भक्तजनों और श्रद्धालुओं की व्यापक भीड़ उमड़ती है उनके बीच व्यापक रूप से प्रसाद का वितरण किया जाता है।

## पीएम श्री स्कूलों में पढ़ाई की जगह पसरी अव्यवस्था उपसचिव के निरीक्षण में खुली व्यवस्था की पोल

**हुसैनाबाद/पलामू:** पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के सरकारी दावों के बीच शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विद्यालयों के निरीक्षण में कई जगहों पर व्यवस्था की बदहाली सामने आई। झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की उपसचिव जयंती देवगम ने विभिन्न पीएम श्री विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हुसैनाबाद शहर स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में प्रथम दृष्टया ही अव्यवस्था नजर आई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रविष्टि फार्म तक भरा हुआ नहीं मिला, जबकि उपलब्ध सामग्रियों के रख-रखाव की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। विद्यालय की व्यवस्था को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत शिक्षकों के कार्यों पर भी उपसचिव ने नाराजगी जताई। निरीक्षण में शिक्षकों में कार्य के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखी। इसके बाद मध्य विद्यालय मोहम्मदगंज का निरीक्षण किया गया। यहां स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मिली, लेकिन उपसचिव ने विद्यालय प्रबंधन को निर्धारित गतिविधियां समय पर पूरा करने और सभी पंजी नियमित रूप से संधारित करने का निर्देश दिया।

वहीं, हैदरनगर प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पतरिया की स्थिति निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक चिंताजनक पाई गई। विद्यालय में पीएम श्री योजना के अनुरूप संचालन और व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर पर नहीं मिलीं। उपसचिव ने विद्यालय प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार लाने और पीएम श्री विद्यालय के निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान उपसचिव जयंती देवगम ने छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए समय का सदुपयोग करते हुए नियमित और भरपूर अध्ययन जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय आने की सलाह दी।निरीक्षण के दौरान पलामू शिक्षा परियोजना के सहायक परियोजना पदाधिकारी (एपीओ) उज्ज्वल मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## यूपी सरकार के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी का भारतीय जनता मजदूर संघ ने किया स्वागत

**रांची:** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि तथा उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किए जाने की घोषणा का भारतीय जनता मजदूर संघ ने स्वागत किया है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी एवं झारखंड प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सिंह ने इसे लाखों महिला कार्यकताओं के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास व्यवस्था की रीड है बच्चों के पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी यह भूमिका रहती है। ऐसे में उनके कार्य और योगदान को उचित सम्मान मिलना आवश्यक है। डॉ अर्जुन चौधरी एवं सुनील कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मानदेय वृद्धि का निर्णय लंबे समय से कार्यरत आंगनवाड़ी बहनों की मेहनत और जिम्मेदारियां को स्वीकार करने का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर झारखंड सरकार भी इसी प्रकार के कदम उठाकर इन कार्यकताओं के हितों की रक्षा करेंगी। उन्होंने बताया कि भारतीय उन्होंने बताया कि भारतीय जनता मजदूर संघ द्वारा 31 दिसंबर 2025 से राष्ट्रव्यापी ज्ञापन अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से आंगनवाड़ी, आशा, आशा संगिनी एवं मिड डे मील वर्कर्स को श्रमिक का दर्जा सम्मानजनक मानदेय, स्वास्थ्य बीमा और व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की जा रही है, उसी क्रम में इखटर के द्वारा झारखंड रांची में भी उक्त मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होने कहा कि इन कार्यकताओं से नियमित और जिम्मेदारी पूर्ण सेवाएं ली जाती हैं, इसलिए उन्हें केवल स्वंयसेवक मानकर उनके अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। श्रम के अनुरूप सम्मान, उचित परिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन का अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से चल रहा है। देश भर में कार्यकर्ता जिला अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन शॉप रहे हैं तथा केंद्र सरकार तक अपनी मांगे पहुंच रहे हैं। डॉ अर्जुन चौधरी एवं सुनील कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि का लिए गए फैसले का स्वागत किया है। लेकिन अब समय आ गया है कि केंद्र और सभी राज्य सरकारों आंगनवाड़ी, आशा, आशा संगिनी एवं मिडझ्र डेझ्र मील वर्कर, श्रमिक अधिकार, सम्मानजनक मानदेय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में ठोस पहल करें। भारतीय जनता मजदूर संघ ने देश भर के आंगनवाड़ी, आशा, आशा संगिनी एवं मिड डे मील वर्कर्स तथा संगठन के पदाधिकारीयों से एकजुट होकर शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से इस अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की है।

### पलामू पुलिस अधीक्षक ने किया पाटन थाना का वार्षिक निरीक्षण

# अपराध नियंत्रण व बेहतर पुलिसिंग को लेकर थाना प्रभारी को दिया निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनी नगर:** पुलिस अधीक्षक, पलामू कपिल चौधरी द्वारा पाटन थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण एवं बेहतर पुलिसिंग, जनता के शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से निराकरण, क्षेत्र में निगरानी हेतु इंट्री- एग्जिट प्वाइंट और सीसीटीवी लगाने एवं रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने, थाना की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों के अनुसंधान एवं निष्पादन की स्थिति, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, पासपोर्ट सत्यापन, थाना अभिलेखों के संधारण तथा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं समुचित व्यवस्था का गहन समीक्षा की गई।

अपराधियों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देशः पुलिस अधीक्षक ने लंबित वारंट एवं कुर्की के मामलों की समीक्षा करते हुए फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा न्यायालय से निर्गत वारंट एवं कुर्की का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।



**अपराध नियंत्रण एवं रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने पर जोर :** थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने नियमित वाहन जांच, पैदल एवं वाहन गश्ती तथा रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। क्षेत्र में निगरानी हेतु इंट्री- एग्जिट प्वाइंट और सीसीटीवी लगाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतत नजर रखने को कहा गया।

उन्होंने बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों, बाजारों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्ती एवं निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ किसी भी संभावित घटना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

**जनता की शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से हो निराकरण :** पुलिस अधीक्षक ने थाना में आने वाले आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक, सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

**थाना परिसर एवं अभिलेखों के बेहतर संधारण पर विशेष निर्देश :** निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने तथा आवश्यक दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, अनुशासन, तत्परता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुए जमीनी स्तर पर पुलिसिंग को मजबूत बनाने एवं जनता के बीच पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई, विधि-व्यवस्था का सुदृढ़ संधारण तथा आम जनता की सुरक्षा एवं सुविधा पलामू पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी सतर्कता, सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करें।

## गुरुद्वारा नानक दरबार में श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व



**संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के श्री अखंड पाठ की संपूर्णता के उपरांत श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमुख सिंह खोखर ने समूह साध संगत को गुरु परब की लख लख बधाईयां दी।

उन्होने अपने संबोधन में कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब ( आदि ग्रंथ ) का संकलन पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के द्वारा 1601 में आरंभ किया गया था। इसकी संपूर्णता 1604 में हुई। इस के बाद दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर जी की वाणी को दर्ज कराकर संस्करण पूरा करने का कार्य करवाया। संक्लन का यह कार्य उनके द्वारा भाई मनी सिंह जी के सहयोग से सन 1706 ईस्वी में पंजाब के साबो तलवंडी स्थित श्री दमदमा साहिब में संपूर्ण हुआ।

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने महाराष्ट्र राज्य के नांदेड़ में 1708 ईस्वी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को शाश्वत एवं जीवित गुरु का दर्जा दिया।

उनहोंने फरमाया

'₹ सब सिखन को हुक्म है
गुरु मानियो ग्रंथ
गुरु ग्रंथ जी मानियो
प्रगट गुरां की देह ₹

जमशेदपुर से प्रकाश पर्व पर विशेष रुप से आए कीर्तनी जत्था के भाई जसपाल सिंह छाबड़ा जी ने अपनी मधुर आवाज एवं कर्णप्रिय संगीत के साथ कीर्तन से समूह साध संगत को गुरु चरणों से जोड़े रखा। कीर्तन में उनके साथी रविन्द्र सिंह एवं तबले पर जसपाल सिंह ने साथ दिया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश के संबंध में विस्तार से इतिहास की जानकारी दी।

गुरुद्वारा के ग्रंथी हरभजन सिंह जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सभी के सुख शांति के लिए अरदास की। उसके उपरांत कड़ाह प्रसाद एवं गुरु का लंगर वरताया गया।

### खेत से बाजार तक

## दीपिका पांडेय सिंह ने लातेहार के जीरा फूल चावल को दी नई पहचान

**हृदयानंद मिश्र**



**मेदिनी नगर:** किसान की असली ताकत केवल उसकी मेहनत में नहीं, बल्कि उस मेहनत को उचित बाजार और उचित मूल्य दिलाने वाली व्यवस्था में भी निहित होती है। खेत में पैदा होने वाली फसल जब स्थानीय बाजार की सीमाओं को पार कर बड़े बाजार तक पहुंचती है, तो वह केवल एक कृषि उत्पाद नहीं रहती, बल्कि किसान के आत्मविश्वास, उसकी आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विस्तार की कहानी बन जाती है। लातेहार का जीरा फूल राइस आज इसी बदलाव का उदाहरण बनकर उभर रहा है। इस परिवर्तन के पीछे किसानों की वर्षों की मेहनत, परंपरागत कृषि ज्ञान और अपनी उपज के प्रति विश्वास तो है ही, साथ ही राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के प्रयासों ने इस स्थानीय उत्पाद को व्यापक बाजार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। किसान को उसकी उपज का बेहतर मूल्य, स्थायी बाजार और सम्मानजनक पहचान मिलना भी उतना ही जरूरी है। जीरा फूल चावल को बड़े बाजार तक पहुंचाने की पहल इसी सोच को जमीन पर उतारती दिखाई देती है। स्थानीय उपज से ब्रांड तक की यात्राः लातेहार की मिट्टी में पैदा होने वाला जीरा फूल चावल केवल एक कृषि उपज नहीं, बल्कि क्षेत्र की कृषि-विविधता और किसानों की मेहनत की पहचान है। लंबे समय तक ऐसी स्थानीय किस्मों की सबसे बड़ी चुनौती यही रही कि उनकी गुणवत्ता के अनुरूप बाजार नहीं मिला। परिणामस्वरूप किसान उत्पादन तो करता रहा, लेकिन मूल्यवर्धन और बाजार-व्यवस्था का बड़ा हिस्सा उसके हाथ से बाहर रहा।

## बिहार सीमा पर रातभर चौकसी, दंगवार पिकेट का एसडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण

### सीसीटीवी की निगरानी मजबूत करने और सीमावर्ती मार्गों पर सघन जांच के निर्देश

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**हुसैनाबाद/ पलामू :**विधि-व्यवस्था को लेकर हुसैनाबाद पुलिस ने बीती रात सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ल ने दंगवार पिकेट इंटरस्टेट चेकनाका का औचक निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी, निगरानी व्यवस्था और वाहनों की जांच का जायजा लिया। बिहार सीमा से सटे होने के कारण उन्होंने दंगवार पिकेट को हर समय पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रखने का निर्देश दिया।एसडीपीओ ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण दंगवार पिकेट पर पुलिस को 24 घंटे विशेष सतर्कता बरतनी होगी। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके बाद एसडीपीओ ने हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी चंदन कुमार को कैमरों के नियमित रखरखाव और उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अपराध की रोकथाम, घटनाओं की निगरानी और अपराधियों की पहचान में सीसीटीवी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, निष्पक्ष जांच और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस को सजग, संवेदनशील और जवाबदेह होकर काम करने पर जोर दिया।

# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा 'सेवा संकल्प अभियान': मुख्यमंत्री

- सेवा संकल्प अभियान , सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक
- 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जनभागीदारी से सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

**मेट्रो रेज**

**पटनाः** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' तथा बिहार में 17 सितंबर से 31 मार्च 2027 तक चलाए जाने वाले 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों से संबंधित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 13 महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को बिहार के सभी जिलों, अनुमंडलों, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 'सेवा क्षेत्र' कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सात दिनों तक चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 'सेवा स्मरण' कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर संगीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के कार्यकाल में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किए गए विकास कार्यों से देश में आए बदलाव की जानकारी लोगों को दी जाएगी। 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिनों तक कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी कर्मियों को सम्मानित करने के साथ-साथ बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 'कहानी बदलाव की' कार्यक्रम के तहत 25 लाख लोगों के अनुभवों को रिल्स एवं वीडियो के माध्यम से साझा किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से बिहार एवं लोगों के जीवन में आए बदलाव को प्रदर्शित किया जाएगा। 'सेवा ज्योति यात्रा' के तहत सेवा ज्योति एवं मशाल जलाकर यात्रा निकाली जाएगी। इसके माध्यम से पिछले 25 वर्षों में किए गए सेवा कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया जाएगा तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया जाएगा। 'वडनगर से वाराणसी कार्यक्रम के अंतर्गत 'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। इसके तहत बाइक सवार टोलियां वडनगर से काशी पहुंचेंगी और बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करेंगी। इसके बाद वाराणसी से गंगाजल लेकर बाइक सवार टोलियां वडनगर लौटेंगी। 'सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वच्छता, विकास एवं सौंदर्याकरण से संबंधित 25 प्रकार की सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 'सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के तहत 6 अक्टूबर को पूरे बिहार में प्रखंड स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में पूर्व से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। 'सेवा के रंग-रंगोली' कार्यक्रम के तहत स्थानीय रंग एवं शैली के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित रंगोली एवं भारत मंडला तैयार किए जाएंगे। इसमें फूल, मिट्टी, रेत, चावल, पत्ते एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 'हैकाथॉन एवं इनोवेशन चैलेंज', 'जनसेवक महाकुंभ पंचायत से पार्लियामेंट' तथा '25 साल की 25 कहानियां-राष्ट्रीय अनबॉक्सिंग' जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री के समक्ष 17 सितंबर से 31 मार्च 2027 तक चलने वाले 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया किया इस अभियान के दो मुख्य उद्देश्य हैं- पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों का उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत तथा नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों का निर्माण। पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों के उन्नयन, सुधार एवं मरम्मत के तहत साफ-सफाई, रंग-रोगन, रखरखाव, पेयजल, बिजली एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित कार्य 30 नवंबर 2028 तक पूर्ण किए जाएंगे। वहीं नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों का निर्माण कार्य 31 मार्च 2027 तक पूरा किया जाएगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान वित्तीय संसाधनों के स्रोत, ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की पहचान, ग्राम सभा, विभागवार प्रमुख कार्य तथा अनुश्रवण एवं निगरानी तंत्र के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गई।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सेवा मेरा योगदान' के तहत स्वच्छता, विकास एवं सौंदर्गीकरण के कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम-से-कम दो स्थानों पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 13 थीम पर आधारित है और इसके तहत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। सभी मंत्री एवं अधिकारी इन कार्यक्रमों की विशेष रूप से तैयारी करें। 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बिहार में लगभग 50 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत भी बड़ी संख्या में पक्के मकान बनाए गए हैं। बिहार में करोड़ों लोगों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला है। इन उपलब्धियों की जानकारी भी आम लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत

निर्धारित कार्यक्रमों एवं कार्यों की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रभारी मंत्री सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 30 दिनों के कार्यक्रम का कैलेंडर तैयार करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुगार्पूजा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। दीपावली से पहले छोटे-छोटे लंबित कार्यों को पूरा कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों, हेल्थ सेंटर एवं विद्यालयों में रंगाई-पुताई का कार्य भी दीपावली से पहले पूरा कराया जाए। प्रत्येक पंचायत से 10 योजनाओं को चिन्हित कर उनका कार्य पूर्ण करायें, ताकि गांवों को व्यवस्थित एवं विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूल से लेकर कॉलेज तक सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त हों। पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, हेल्थ सेंटर एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को सभी आवश्यक सुविधाओं से परिपूर्ण करें। जहां हेल्थ सेंटर, सामुदायिक भवन अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण की आवश्यकता हो, वहां निर्माण कार्य सुनिश्चित करायें। गांवों को व्यवस्थित करने के लिए जो भी आवश्यकताएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा का मतलब जनता की भलाई के लिए काम होना है तथा योजनाओं का कायाकल्प ही सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है। निचले स्तर पर विकास कार्य सुनिश्चित होने से बिहार के विकास को काफी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से पिछले 25 वर्षों में बिहार के विकास को गति मिली है। इन विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाए। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।